सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन

(राजस्व क्षेत्र)

31 मार्च 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

उत्तर प्रदेश सरकार

वर्ष 2013 का प्रतिवेदन संख्या-3

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए

(राजस्व क्षेत्र)
उत्तर प्रदेश सरकार
वर्ष 2013 का प्रतिवेदन सं0–3

एचटीटीपी: / / डब्लूडब्लूडब्लू.सीएजी.जीओवी.इन / एचटीएमएल / सीएजी_रिपोर्ट्स / यूपी / इन्डेक्स.एचटीएम

विषय सूची

विवरण	सन्दर्भ	
	प्रस्तर	पृष्ठ संख्या
प्राक्कथन		v
विहंगावलोकन		vii
अध्याय–I : सामान्य		
राजस्व प्राप्तियों का रुझान	1.1	1
लेखापरीक्षा के प्रति शासन/विभाग के दायित्व	1.2	3
राज्य सरकार के हितों के संरक्षण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जवाबदेही लागू करने में विफलता	1.2.1	3
विभागीय लेखापरीक्षा समिति की बैठकें	1.2.2	5
आलेख लेखापरीक्षा प्रस्तरों पर विभागों का प्रत्युत्तर	1.2.3	5
लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का उत्तरवर्ती–सारांश	1.2.4	6
पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का अनुपालन	1.2.5	6
लेखापरीक्षा द्वारा उठाये गये मामलों से सम्बन्धित प्रक्रियात्मक विश्लेषण	1.3	7
निरीक्षण प्रतिवेदनों की स्थिति	1.3.1	7
लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में मुख्य रूप से दिखाये गये बिन्दुओं पर शासन/विभाग द्वारा दिये गये आश्वासन	1.3.2	7
स्वीकृत मामलों की वसूली	1.3.2.1	7
शासन/विभागों द्वारा स्वीकार की गई सिफारिशों पर की गई कार्यवाही	1.3.2.2	8
लेखापरीक्षा योजना	1.4	8
लेखापरीक्षा के परिणाम	1.5	9
वर्ष के दौरान सम्पादित स्थानीय लेखापरीक्षा की स्थिति	1.5.1	9
यह प्रतिवेदन	1.5.2	9
अध्याय–II : वाणिज्य कर/मूल्य संवर्धित कर		
कर प्रशासन	2.1	11
प्राप्तियों का रुझान	2.2	11
राजस्व के बकायों का विश्लेषण	2.3	12
प्रति व्यापारी वैट लागत	2.4	12
कर निर्धारण हेतु बकाये मामले	2.5	12
संग्रह की लागत	2.6	13
लेखापरीक्षा का राजस्व प्रभाव	2.7	13
लेखापरीक्षा के परिणाम	2.8	13
लेखापरीक्षा प्रेक्षण	2.9	15
कर की गलत दर लगाये जाने तथा वस्तुओं के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण कर का अनारोपण/कम आरोपण	2.10	15
अर्थदण्ड का अनारोपण एवं ब्याज का प्रभारित न किया जाना	2.11	18
विभिन्न घोषणा पत्रों पर अनियमित करमुक्ति/कर छूट	2.12	25
प्रवेश कर का अनारोपण	2.13	29
राज्य विकास कर का अनारोपण	2.14	30

विवरण	सन्दर्भ	
	प्रस्तर	पृष्ठ संख्या
पंजीयन/मान्यता प्रमाण पत्र की अनियमित स्वीकृति	2.15	31
इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने से सम्बन्धित अनियमितताएं	2.16	33
व्यापारियों को पंजीकृत न किये जाने के कारण कर का अनारोपण/कम आरोपण	2.17	37
कर जमा की पुष्टि से सम्बन्धित प्रावधान का न होना	2.18	38
कर सम्परीक्षा न किया जाना	2.19	39
निष्प्रयोज्य व्यय	2.20	40
अध्याय–III : राज्य आबकारी		
कर प्रशासन	3.1	41
प्राप्तियों का रुझान	3.2	41
राजस्व के बकायों का विश्लेषण	3.3	42
संग्रह की लागत	3.4	42
लेखापरीक्षा का राजस्व प्रभाव	3.5	43
लेखापरीक्षा के परिणाम	3.6	43
लेखापरीक्षा आपत्तियाँ	3.7	44
माडल दुकानों पर लाइसेंस फीस का कम आरोपण	3.8	44
विदेशी मदिरा की दुकानों पर लाइसेंस फीस का कम आरोपण	3.9	45
आबकारी राजस्व के विलम्बित भुगतान पर ब्याज का अनारोपण	3.10	46
कुल अपचायक शर्करा (टी.आर.एस.) का मार्गस्थ एवं भण्डारण छीजन	3.11	46
शीरे से अल्कोहल का कम उत्पादन	3.12	48
परीक्षण शुल्क का कम वसूल किया जाना	3.13	49
विदेशी मदिरा के थोक अनुज्ञापियों पर लाइसेंस फीस का कम आरोपण/वसूली किया जाना	3.14	49
बीयर की थोक आपूर्ति पर लाइसेंस फीस का अनारोपण/कम आरोपण	3.15	50
अध्याय–IV: वाहनों, माल एवं यात्रियों पर कर		
कर प्रशासन	4.1	53
प्राप्तियों का रुझान	4.2	53
राजस्व बकाये का विश्लेषण	4.3	54
संग्रह की लागत	4.4	54
लेखापरीक्षा का राजस्व प्रभाव	4.5	54
लेखापरीक्षा के परिणाम	4.6	55
लेखापरीक्षा आपत्तियाँ	4.7	56
टाटा मैजिक वाहन की सीटिंग क्षमता कम ग्रहण किये जाने के कारण देय कर का कम आरोपण	4.8	56
तीन माह से अधिक समर्पित वाहनों के सम्बन्ध में कर/अतिरिक्त कर का वसूल न किया जाना	4.9	57

विवरण	सन्दर्भ	
	प्रस्तर	पृष्ठ संख्या
वाहनों द्वारा अधिक भार का परिवहन	4.10	58
बकाये की वसूली हेतु नियन्त्रण एवं क्रियाविधि का अभाव	4.11	60
कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टर जो वाणिज्यिक गतिविधियों में संलग्न थे, पर कर तथा अर्थदण्ड का अनारोपण	4.12	61
स्कूल वाहनों पर परमिट शुल्क का वसूल न किया जाना	4.13	62
बिलम्ब से पंजीकृत होने वाले वाहनों से शास्ति की न/कम वसूली होना	4.14	62
राष्ट्रीय परमिट के अधिकार पत्र का नवीकरण नहीं किये जाने के कारण राजस्व क्षति	4.15	63
वाहनों के बिना स्वास्थ्यता प्रमाण पत्र के संचालन के कारण हानि	4.16	64
वेतन एवं भत्तों पर अनुत्पादक व्यय	4.17	64
अध्याय–V : स्टाम्प एवं निबन्धन फीस		
कर प्रशासन	5.1	65
संग्रह की लागत	5.2	65
लेखापरीक्षा का राजस्व प्रभाव	5.3	65
लेखापरीक्षा के परिणाम	5.4	66
"स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की कार्यप्रणाली" पर निष्पादन लेखापरीक्षा	5.5	67
अध्याय–VI : खनन प्राप्तियाँ		
कर प्रशासन	6.1	103
राजस्व का रुझान	6.2	103
राजस्व का प्रभाव	6.3	103
लेखापरीक्षा के परिणाम	6.4	104
लेखापरीक्षा आपत्तियाँ	6.5	105
रायल्टी का वसूल न किया जाना	6.6	105
ईंट बनाने की मिट्टी के अवैध हटान पर अर्थदण्ड का अनारोपण	6.7	106
स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क के भुगतान के लिए प्रावधानों का न होना	6.8	107
विलम्ब से भुगतान की गयी रायल्टी पर ब्याज का अनारोपण	6.9	108
नये पट्टे/पट्टों का नवीनीकरण न किये जाने से राजस्व क्षति	6.10	109
रायल्टी की वसूली न/कम किया जाना	6.11	111
अनधिकृत उत्खनन	6.12	112
खान अधिनियम और उ0प्र0उ0ख0प0 नियमावली के बीच असमानता	6.13	114
अवैध खनन पर खनिज मूल्य और रायल्टी की वसूली न किया जाना	6.14	114
कोयला पट्टा	6.15	115
पारगमन पासों की पंजिका का रख–रखाव	6.16	116
अवैध रूप से उत्खनित उपखनिजों के परिवहन को रोकने के लिए तन्त्र	6.17	117

विवरण	सन्दर्भ	
	प्रस्तर	पृष्ठ संख्या
पत्थर गिट्टी/मिट्टी के संग्रहण पर रायल्टी का अनारोपण/कम आरोपण	6.18	121
प्राप्तियों का गलत वर्गीकरण	6.19	122
अध्याय–VII : अन्य कर एवं करेत्तर प्राप्तियाँ		
लेखापरीक्षा परिणाम	7.1	123
लेखापरीक्षा आपत्तियाँ	7.2	124
कर के विलम्बित भुगतान पर ब्याज प्रभारित न किया जाना	7.3	124
तेन्दू पत्ते पर रायल्टी का न वसूल किया जाना	7.4	125
निरर्थक व्यय	7.5	125
आवश्यकता के बिना नये पौधे उगाने पर परिहार्य व्यय	7.6	126
यूजर चार्जेस का कम आरोपण	7.7	128
रक्त एवं रक्त अवयवों के ट्रान्सफ्यूजन पर सर्विस चार्ज का कम आरोपण	7.8	129
पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीकी (पी.एन.डी.टी.) नियमों का अनुपालन नहीं किया जाना	7.9	130
निष्प्रयोज्य/बेकार वाहनों का निस्तारण न किया जाना	7.10	131
साइकिल स्टैण्ड की नीलामी से राजस्व की वसूली न हो पाना	7.11	131
गन्ना क्रय कर, अर्थदण्ड एवं ब्याज का अनारोपण	7.12	132
आटो रिक्शा से मीटर सत्यापन एवं मुद्रांकन फीस वसूल न किया जाना	7.13	133
शुल्क/अतिरिक्त शुल्क की वसूली न किया जाना	7.14	134
परिशिष्टियाँ		139 - 180

प्राक्कथन

31 मार्च 2012 को समाप्त हुए वर्ष से सम्बन्धित यह प्रतिवेदन संविधान की धारा 151 (2) के अन्तर्गत राज्यपाल को प्रस्तुत किये जाने के लिये तैयार किया गया है।

राज्य सरकार की राजस्व क्षेत्र की लेखा परीक्षा, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, अधिकार एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 13 एवं 16 के अन्तर्गत सम्पन्न की जाती है। यह प्रतिवेदन राज्य की प्राप्तियों एवं व्यय की लेखा परीक्षा परिणामों का प्रस्तुतीकरण है जिसमें वाणिज्य कर/मूल्य संवर्धित कर, राज्य आबकारी, वाहनों पर कर, माल एवं यात्रियों पर कर, स्टाम्प एवं निबन्धन फीस, खनिज प्राप्तियाँ एवं अन्य कर एवं करेत्तर प्राप्तियाँ सम्मिलित हैं।

इस प्रतिवेदन में वर्णित मामलों में वे मामले हैं जो वर्ष 2011–12 में अभिलेखों की नमूना लेखापरीक्षा के दौरान प्रकाश में आये तथा पूर्ववर्ती वर्षों के दौरान प्रकाश में आये ऐसे मामले, जिन्हें विगत वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित नहीं किया जा सका।

विहंगावलोकन

इस प्रतिवेदन में **''स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की कार्यप्रणाली''** विषयक एक निष्पादन लेखापरीक्षा सहित 56 प्रस्तर सम्मिलित हैं जिसमें कर, शुल्क, ब्याज एवं शास्ति के अनारोपण/कम आरोपण आदि से सम्बन्धित ₹ 857.95 करोड़ की धनराशि सन्निहित है। शासन/विभागों ने ₹ 438.41 करोड़ धनराशि की लेखापरीक्षा आपत्तियाँ स्वीकार की जिसमें से ₹ 2.60 करोड़ की वसूली कर ली गयी है। कुछ मुख्य आपत्तियाँ नीचे वर्णित हैं:

I. सामान्य

वर्ष 2010–11 के 1,11,183.76 करोड़ के विरुद्ध वर्ष 2011–12 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की कुल प्राप्तियाँ ₹ 1,30,869.70 करोड़ थी। कर राजस्व ₹ 52,613.43 करोड़ तथा करेत्तर राजस्व ₹ 10,145.30 करोड़ को सम्मिलित करते हुए राज्य सरकार द्वारा उगाहा गया राजस्व ₹ 62,758.73 करोड़ था। भारत सरकार से प्राप्तियाँ ₹ 68,110.97 करोड़ (विभाज्य संघीय करों में राज्य का भाग ₹ 50,350.95 करोड़ और सहायक अनुदान ₹ 17,760.02 करोड़) थी। इस प्रकार राज्य सरकार कुल राजस्व का 48 प्रतिशत ही उगाह सकी। वर्ष 2011–12 के दौरान वाणिज्य कर/मूल्य सवंर्धित कर (₹ 33,107.34 करोड़) तथा विविध सामान्य सेवाओं पर कर (₹ 4,035.23 करोड) क्रमशः कर एवं करेत्तर राजस्व के मुख्य साधन थे।

(प्रस्तर 1.1)

दिसम्बर 2011 तक निर्गत किये गये 11,538 निरीक्षण प्रतिवेदनों से सम्बन्धित ₹ 5,234.12 करोड़ की धनराशि के 28,455 प्रस्तर जून 2012 के अन्त तक लम्बित थे।

(प्रस्तर 1.2)

वर्ष 2011–12 के दौरान वाणिज्य कर/मूल्य संवर्धित कर, राज्य आबकारी, वाहनों, माल एवं यात्रियों पर कर, स्टाम्प एवं निबन्धन फीस, खनन प्राप्तियाँ तथा अन्य कर एवं करेत्तर प्राप्तियों के 1,356 इकाइयों के अभिलेखों की नमूना जाँच में 4,878 मामलों से सम्बन्धित ₹ 1,754.31 करोड़ के अवनिर्धारण/कम आरोपण/राजस्व की हानि के मामले प्रकाश में आये। वर्ष के दौरान सम्बन्धित विभागों ने 637 मामलों में ₹ 33.83 करोड़ के अवनिर्धारण एवं अन्य कमियों के मामले स्वीकार किये जिनमें से ₹ 30.68 करोड़ के 78 मामले वर्ष 2011–12 की लेखापरीक्षा के दौरान इंगित किये गये तथा शेष मामले पूर्ववर्ती वर्षों के थे। विभाग द्वारा वर्ष 2011–12 के दौरान 326 मामलों में ₹ 3.79 करोड़ की वसूली की गई जिनमें से ₹ 25.79 लाख के 44 मामले वर्ष 2011–12 की लेखापरीक्षा के दौरान इंगित किये गये थे तथा शेष मामले पूर्ववर्ती वर्षों के थे।

(प्रस्तर 1.5.1)

II. वाणिज्य कर/मूल्य संवर्धित कर

कर की गलत दर लगाये जाने के फलस्वरूप वर्ष 2002–03 से 2009–10 तक की अवधि में 55 वाणिज्य कर कार्यालयों के 79 व्यापारियों के मामले में ₹ 3.32 करोड़ के व्यापार कर/मूल्य संवर्धित कर का अनारोपण/कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 2.10.1)

वर्ष 2007–08 एवं 2008–09 की अवधि में 11 वाणिज्य कर कार्यालयों के 13 व्यापारियों के मामले में सकर्म संविदा कर समय से जमा न किये जाने पर ₹ 1.36 करोड़ के अर्थदण्ड का अनारोपण हुआ।

(प्रस्तर 2.11.5)

वर्ष 2005–06 से 2007–08 तक की अवधि में पाँच वाणिज्य कर कार्यालयों के पाँच व्यापारियों के मामले में ₹ 2.67 करोड़ के केन्द्रीय बिक्री कर की अनियमित छूट/रियायत की गयी।

(प्रस्तर 2.12.2)

वर्ष 2004–05 से 2007–08 तक की अवधि में छः वाणिज्य कर कार्यालयों के सात व्यापारियों के मामले में ₹ 1.56 करोड़ के प्रवेश कर का अनारोपण हुआ।

(प्रस्तर 2.13)

वर्ष 2007–08 एवं 2008–09 की अवधि में छः वाणिज्य कर कार्यालयों के छः व्यापारियों के मामले में ₹ 1.55 करोड़ के गैर अनुमन्य आई0टी0सी0 का उत्क्रमण तथा अर्थदण्ड एवं ब्याज का आरोपण नहीं हुआ।

(प्रस्तर 2.16.3)

III. राज्य आबकारी

वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 की अवधि में 10 जिला आबकारी कार्यालयों में 27 माडल शापों पर ₹ 1.54 करोड़ की लाइसेंस फीस का कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 3.8)

वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 की अवधि में क्रमशः सात एवं आठ जिलों के वि0 म0–2 के लाइसेंसों पर ₹ 80 लाख की लाइसेंस फीस कम आरोपित/वसूली नहीं हुई।

(प्रस्तर 3.14)

वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 की अवधि में क्रमशः 52 एवं 54 जिलों में बीयर की थोक आपूर्ति पर ₹ 9.25 करोड़ की लाइसेंस फीस का अनारोपण/कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 3.15)

IV. वाहनों, माल तथा यात्रियों पर कर

अक्टूबर 2009 से फरवरी 2012 तक की अवधि में कम सीटिंग क्षमता ग्रहण किये जाने के कारण 27 सम्भागीय परिवहन कार्यालय/सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में 3,467 वाहनों पर ₹ 99.71 लाख कम कर आरोपित हुआ।

(प्रस्तर 4.8)

अप्रैल 2010 से मार्च 2012 तक की अवधि में तीन माह से अधिक समर्पित 753 वाहनों के सम्बन्ध में 33 सम्भागीय परिवहन कार्यालय/सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में ₹ 2.29 करोड़ के कर/अतिरिक्त कर वसूल नहीं किए गए।

(प्रस्तर 4.9)

अप्रैल 2008 से जनवरी 2012 तक की अवधि में 12 सम्भागीय परिवहन कार्यालय/ सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय से सम्बन्धित 2,248 वाहन अधिक भार ढो रहे थे, जिससे न केवल ओवरलोडेड वाहन खतरनाक ढंग से चल रहे थे बल्कि उससे मानव जीवन की हानि और सड़क नष्ट हो सकती है, पर ₹ 2.14 करोड़ की शास्ति का अनारोपण/कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 4.10)

अप्रैल 2008 से जनवरी 2012 तक की अवधि में 12 सम्भागीय परिवहन कार्यालय/ सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय से सम्बन्धित 533 ट्रैक्टर, जो कृषि कार्य हेतु पंजीकृत थे किन्तु वाणिज्यिक गतिविधियों में संलग्न थे, उन पर कर तथा अर्थदण्ड के रूप में ₹ 29.05 लाख आरोपित नहीं किया गया।

(प्रस्तर 4.12)

V. स्टाम्प एवं निबन्धन फीस

"स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की कार्यप्रणाली" विषयक निष्पादन लेखापरीक्षा में प्रकाश में आया कि:

- विक्रय विलेख पर स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस के अनारोपण के फलस्वरूप ₹ 23.13 करोड़ के राजस्व की वसूली नहीं हुई।

(प्रस्तर 5.5.12)

- विभिन्न प्रकार के पट्टों पर स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस के अनारोपण से ₹ 12.48 करोड़ की हानि हुई।

(प्रस्तर 5.5.16)

- सम्पत्ति के अवमूल्यांकन से स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस ₹ 19.69 करोड़ का कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 5.5.19)

- दस्तावेजों के गलत वर्गीकरण से स्टाम्प शुल्क ₹ 44.79 लाख का कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 5.5.20)

- जिलाधिकारी द्वारा शक्तियों का अनियमित प्रयोग करने से ₹ 2.81 करोड़ के स्टाम्प शुल्क की हानि हुई।

(प्रस्तर 5.5.22)

VI. खनन प्राप्तियाँ

वर्ष 2005–06 से 2010–11 की अवधि के दौरान 13 जिला खान कार्यालयों से सम्बन्धित ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा ईंट बनाने की मिट्टी के अवैध हटान पर ₹ 159.79 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नही किया गया।

(प्रस्तर 6.7)

स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस के भुगतान सम्बन्धी प्रावधान न होने के कारण वर्ष 2005–06 से 2009–10 की अवधि के दौरान 11 जिला खान कार्यालयों से सम्बन्धित 122 पट्टों से शासन ₹ 2.48 करोड़ का राजस्व पाने से वंचित रहा।

(प्रस्तर 6.8)

2005 से 2012 की अवधि के दौरान पट्टों का नवीनीकरण न होने तथा नये पट्टे स्वीकृत न होने के कारण, 602 खनन पट्टों से ₹ 50.93 करोड़ के राजस्व की क्षति हुई।

(प्रस्तर 6.10)

वर्ष 2005–06 से 2010–11 की अवधि के दौरान पाँच जिला खान कार्यालयों से सम्बन्धित 22 प्रकरणों में अनधिकृत उत्खनन के लिए उत्खनित खनिजों का मूल्य वसूल न किये जाने के कारण ₹ 77.87 करोड़ के राजस्व की हानि हुई।

(प्रस्तर 6.12.1)

अक्टूबर 2010 एवं जनवरी 2012 के मध्य 21 जिलों में अनियमित एम0एम0–11 प्रपत्रों के विरुद्ध अवैध रूप से उत्खनित उप खनिजों के परिवहन को रोकने के लिए क्रियाविधि का अभाव रहा।

(प्रस्तर 6.17)

VII. अन्य कर एवं करेत्तर प्राप्तियाँ

वन विभाग द्वारा निर्धारित फार्मूले के अनुसार रायल्टी की गणना न करने के कारण तेन्दू पत्ते पर ₹ 46.64 करोड़ की रायल्टी कम वसूल की गई।

(प्रस्तर 7.4)

वन विभाग में वृक्षारोपण हेतु अनुपयुक्त हो गये 39.29 लाख पौधों को उगाने एवं उनके रख–रखाव पर किया गया ₹ 97.44 लाख का व्यय निरर्थक रहा।

(प्रस्तर 7.5)

वन वृत्त, आगरा में बिना आवश्यकता के 33.99 लाख नये पौधों के उगाने एवं रख–रखाव पर ₹ 1.13 करोड़ का परिहार्य व्यय किया गया।

(प्रस्तर 7.6)

वर्ष 2005–06 से 2011–12 के दौरान 251 मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (मु0चि0अधी0), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ₹ 28.99 करोड़ के यूजर चार्जेस का कम आरोपण किया गया।

(प्रस्तर 7.7)

अप्रैल 2008 से दिसम्बर 2010 के मध्य 22 मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों के कार्यालयों में रक्त एवं रक्त अवयवों के ट्रान्सफ्यूजन पर ₹ 2.65 करोड़ का सर्विस चार्ज कम आरोपित किया गया।

(प्रस्तर 7.8)

बिना पंजीकरण कराये 16 मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (मु0चि0अ0), के अन्तर्गत संचालित 226 संस्थानों पर ₹ 40.95 लाख की शास्ति आरोपित नहीं की गई।

(प्रस्तर 7.9.1)

अध्याय–I
सामान्य

1.1 राजस्व प्राप्तियों का रुझान

1.1.1 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2011–12 के दौरान उगाहा गया कर एवं करेत्तर राजस्व, वर्ष के दौरान भारत सरकार से राज्य को प्राप्त विभाज्य संघीय करों का अंश एवं सहायक अनुदान तथा विगत चार वर्षों के तद्नुरूपी आँकड़े नीचे दर्शाये गये हैं:

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	विवरण	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1.	**राज्य सरकार द्वारा उगाहा गया राजस्व**					
	• कर राजस्व	24,959.32	28,658.97	33,877.60	41,355.00	52,613.43
	• करेत्तर राजस्व	5,816.01	6,766.55	13,601.09	11,176.21	10,145.30
	योग	**30,775.33**	**35,425.52**	**47,478.69**	**52,531.21**	**62,758.73**
2.	**भारत सरकार से प्राप्तियाँ**					
	• विभाज्य संघीय करों में राज्य का भाग	29,287.74	30,905.72	31,796.67	43,218.90	50,350.95[1]
	• सहायक अनुदान	8,609.40	11,499.49	17,145.59	15,433.65	17,760.02
	योग	**37,897.14**	**42,405.21**	**48,942.26**	**58,652.55**	**68,110.97**
3.	**राज्य की कुल प्राप्तियाँ (1 + 2)**	**68,672.47**	**77,830.73**	**96,420.95**	**1,11,183.76**	**1,30,869.70**
4.	**3 से 1 की प्रतिशतता**	**45**	**46**	**49**	**47**	**48**

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे।

उपरोक्त सारणी इंगित करती है कि वर्ष 2011–12 के दौरान राज्य सरकार द्वारा उगाहा गया राजस्व कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,30,869.70 करोड़) का, विगत वर्ष के 47 प्रतिशत के विरूद्ध 48 प्रतिशत था। 2011–12 की प्राप्तियों का शेष 52 प्रतिशत भारत सरकार से प्राप्त था।

[1] विवरण हेतु कृपया उत्तर प्रदेश सरकार के वर्ष 2011–12 के वित्त लेखों में लघु शीर्षों द्वारा राजस्व के विस्तृत लेखे का विवरण संख्या–11, देखें। इस विवरण के वित्त लेखों में वृहत लेखा शीर्षक 'अ– कर राजस्व' के अन्तर्गत–0020– निगम कर, 0021– निगम कर से भिन्न आय पर कर, 0028– आय और व्यय पर अन्य कर, 0032– धन पर कर, 0037–सीमाकर, 0038–संघीय उत्पाद शुल्क, 0044–सेवा कर एवं 0045 वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर व शुल्क–राज्यों के समुदेशित निबल प्राप्तियों के हिस्सों के आंकड़े को राज्य द्वारा उगाहे गए राजस्व से निकाल दिया गया तथा 'विभाज्य संघीय करों में राज्य के हिस्से में' शामिल किया गया है।

1.1.2 निम्नलिखित सारणी वर्ष 2007–08 से वर्ष 2011–12 की अवधि में उगाहे गये कर राजस्व का विवरण प्रस्तुत करती है:

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	राजस्व शीर्ष	2007–08	2008–09	2009–10	2010–11	2011–12	2010–11 के सन्दर्भ में 2011–12 में वृद्धि (+) अथवा कमी(–)	2010–11 के सन्दर्भ में वृद्धि अथवा कमी की प्रतिशतता
1.	वाणिज्य कर/वैट	15,023.10	17,482.05	20,825.18	24,836.52	33,107.34	(+) 8,270.82	33.30
2.	राज्य आबकारी	3,948.40	4,720.01	5,666.06	6,723.49	8,139.20	(+) 1,415.71	21.06
3.	स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क	3,976.68	4,138.27	4,562.23	5,974.66	7,694.40	(+) 1,719.74	28.78
4.	वाहनों पर कर	1,145.84	1,124.66	1,403.50	1,816.89	2,375.86	(+)558.97	30.77
5	माल एवं यात्रियों पर कर	109.65	266.49	271.05	241.69	4.81	(-) 236.88	(-) 98.01
6.	विद्युत पर कर एवं शुल्क	206.65	216.72	272.16	357.00	458.20	(+) 101.20	28.35
7.	भू–राजस्व	392.53	549.28	663.14	1,134.16	490.68	(-) 643.48	(-) 56.74
8.	वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर एवं शुल्क	137.50	140.58	193.34	245.15	312.46	(+) 67.31	27.46
9.	अन्य (होटल प्राप्तियाँ, निगमित कर आदि)	18.97	20.91	20.94	25.44	30.46	(+) 5.02	19.75
योग		**24,959.32**	**28,658.97**	**33,877.60**	**41,355.00**	**52,613.43**[2]	**11,258.43**	**27.22**

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे।

सम्बन्धित विभागों ने भिन्नता के निम्न कारणों को सूचित किया:

वाणिज्य कर/वैटः उ0 प्र0 मूल्य संवर्धित कर का अधिक संग्रह होने के कारण वृद्धि हुई थी।

राज्य आबकारीः ''देशी मदिरा,'' ''विदेशी मदिरा तथा स्प्रिट'' में राजस्व की अधिक वसूली के कारण वृद्धि हुई थी।

स्टाम्प तथा निबन्धन शुल्कः गैर–न्यायिक स्टाम्पों की अधिक बिक्री के कारण वृद्धि हुई थी।

वाहनों पर करः वाहनों की बिक्री पर करों की अधिक वसूली तथा राज्य मोटर वाहन कराधान अधिनियम के अन्तर्गत करों के संग्रह के कारण वृद्धि हुई थी।

माल एवं यात्रियों पर करः 2011–12 से इस लेखा शीर्ष के राजस्व को जमा करने हेतु लेखा शीर्ष ''वाहनों पर कर'' नियत किया गया, इसलिए बजट प्राक्कलनों में प्रावधान शून्य था तथा इस लेखा शीर्ष के अन्तर्गत राजस्व प्राप्तियाँ मात्र ₹ 4.81 करोड़ थीं।

भू–राजस्वः नियत प्रभारों के कम संग्रहण, इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट गाजियाबाद एवं आवास परिषदों के बकायों की कम वसूली के कारण कमी हुई थी।

अन्य विभागों ने भिन्नता के कारणों को सूचित नहीं किया (फरवरी 2013)।

[2] कालम में कर राजस्व के उर्ध्व योग में ₹ 0.02 करोड़ का अन्तर वास्तविक ऑकड़ों को पूर्णांकित करने के कारण है।

1.1.3 निम्नलिखित सारणी वर्ष 2007–08 से वर्ष 2011–12 की अवधि में उगाहे गये करेत्तर राजस्व का विवरण प्रस्तुत करती है:

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	राजस्व शीर्ष	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2010-11 के सन्दर्भ में 2011-12 में वृद्धि (+) अथवा कमी(–)	2010-11 के सन्दर्भ में वृद्धि अथवा कमी की प्रतिशतता
1.	विविध सामान्य सेवायें	1,153.53	1,698.79	8,075.13	5,120.67	4,035.23	(-) 1,085.44	(-) 21.20
2.	ब्याज प्राप्तियाँ	1,247.84	963.87	603.66	689.32	789.22	(+) 99.90	14.49
3.	वानिकी एवं वन्य जीवन	294.80	271.92	271.29	280.34	285.88	(+) 5.54	1.97
4.	मध्यम सिंचाई	319.43	260.91	240.21	148.62	145.52	(-) 3.10	(-) 2.08
5.	शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति	1,217.62	1,080.61	2,339.86	2,614.11	2,008.55	(-) 605.56	(-) 23.16
6.	अन्य प्रशासनिक सेवायें	146.10	145.04	147.19	374.46	542.65	(+) 168.19	44.91
7.	अलौह धातु उत्खनन एवं धातुकर्म उद्योग	395.20	427.31	604.97	653.39	593.28	(-) 60.11	(-) 9.20
8.	पुलिस	147.17	160.78	119.34	177.13	196.30	(+) 19.17	10.82
9.	क्राप हस्बेन्ड्री	51.03	49.64	37.60	42.18	58.66	(+) 16.48	39.07
10.	सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण	19.73	34.06	39.69	49.56	154.03	(+) 104.47	210.79
11.	चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य	72.11	618.84	94.35	101.35	107.93	(+) 6.58	6.49
12.	लघु सिंचाई	31.41	31.65	25.26	36.00	47.94	(+) 11.94	33.18
13.	सड़क एवं सेतु	74.24	60.69	87.10	98.51	152.85	(+) 54.34	55.16
14.	लोक निर्माण	34.03	57.52	72.80	69.45	69.97	(+) 0.52	0.75
15.	सहकारिता	6.33	26.46	16.39	9.38	9.78	(+) 0.40	4.29
16.	अन्य	605.44	878.46	826.25	711.74	947.51	(+) 235.77	33.13
योग		**5,816.01**	**6,766.55**	**13,601.09**	**11,176.21**	**10,145.30**	**(-) 1,030.91**	**(-) 9.22**

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे।

सम्बन्धित विभागों ने भिन्नता के निम्न कारणों को सूचित किया:

विविध सामान्य सेवायें: अन्य प्राप्तियों के अन्तर्गत कम संग्रह के कारण कमी हुई थी।

शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति: प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत विविध प्राप्तियों की कम वसूली के कारण कमी हुई थी।

अन्य विभागों ने भिन्नता के कारणों को सूचित नहीं किया (फरवरी 2013)।

1.2 लेखापरीक्षा के प्रति शासन/विभाग के प्रत्युत्तर

1.2.1 राज्य सरकार के हितों के संरक्षण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जवाबदेही लागू करने में विफलता

निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार संव्यवहारों की नमूना जाँच और रखे गये महत्वपूर्ण लेखों तथा अन्य अभिलेखों के सत्यापन हेतु महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र लेखापरीक्षा) उत्तर प्रदेश (ए0जी0) द्वारा सरकारी विभागों का समयावधिक निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं को सम्मिलित करते हुए जब स्थल पर समाधान नहीं हो पाता, तो निरीक्षण कार्यालयों के अध्यक्षों सहित उनके उच्चतर अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निरीक्षण प्रतिवेदन निर्गत किये जाते हैं। निरीक्षण प्रतिवेदन जारी होने के एक माह के अन्दर निरीक्षण प्रतिवेदनों में शामिल आपत्तियों पर कमियाँ एवं त्रुटियों को सुधार कर कार्यालयाध्यक्षों/शासन के

प्रारम्भिक उत्तर के साथ अनुपालन आख्या महालेखाकार को भेजना अपेक्षित होता है। गम्भीर वित्तीय अनियमितताएं विभागाध्यक्षों एवं शासन को प्रतिवेदित की जाती हैं।

दिसम्बर 2011 तक जारी किये गये निरीक्षण प्रतिवेदनों की हमारी समीक्षा से पता चला कि जून 2012 के अन्त तक 11,538 निरीक्षण प्रतिवेदनों से सम्बन्धित ₹ 5,234.12 करोड़ धनराशि के 28,455 प्रस्तर लम्बित थे साथ ही साथ विगत दो वर्षो के तदनुरूपी आँकड़े नीचे दर्शाये गये हैं:

क्र0 सं0	विवरण	2010	2011	2012
1.	अनिस्तारित निरीक्षण प्रतिवेदनों की संख्या	9,287	10,349	11,538
2.	अनिस्तारित लेखापरीक्षा आपत्तियों की संख्या	22,484	25,501	28,455
3.	सन्निहित राजस्व की धनराशि (₹ करोड में)	3,757.81	4,445.39	5,234.12

30 जून 2012 तक अनिस्तारित निरीक्षण प्रतिवेदन लेखापरीक्षा आपत्तियॉ एवं सन्निहित धनराशि का विभागवार विवरण नीचे दर्शाये गये हैं:

क्र0 सं0	प्राप्ति की प्रकृति	अनिस्तारित निरीक्षण प्रतिवेदनों की संख्या	अनिस्तारित लेखापरीक्षा आपत्तियों की संख्या	सन्निहित राजस्व की धनराशि (₹ करोड़ में)	वर्ष जिनसे आपत्तियाँ सम्बन्धित हैं
1.	व्यापार कर/वैट, प्रवेश कर सहित	4,138	12,856	1,951.88	1984-85 से 2011-12
2.	राज्य आबकारी	1,048	2,075	331.16	1984-85 से 2011-12
3.	भू–राजस्व	542	772	28.09	1987-88 से 2011-12
4.	वाहन, माल तथा यात्रियों पर कर	1,001	3,259	702.81	1984-85 से 2011-12
5.	लोक निमार्ण	468	921	64.48	1986-87 से 2011-12
6.	सिंचाई	350	748	108.51	1984-85 से 2011-12
7.	गन्ने के क्रय पर कर	97	112	54.29	1985-86 से 2011-12
8.	स्टाम्प एवं निबन्धन फीस	2,577	4,731	228.90	1984-85 से 2011-12
9.	कृषि	182	309	22.21	1985-86 से 2011-12
10.	विद्युत शुल्क	174	215	170.15	1988-89 से 2011-12
11.	खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति	105	179	19.76	1991-92 से 2011-12
12.	सहकारिता	93	114	5.96	1985-86 से 2011-12
13.	मनोरंजन कर	134	210	10.54	1997-98 से 2011-12
14.	अलौह धातु उत्खनन एवं धातुकर्म उद्योग	15	89	97.71	2010-11 से 2011-12
15.	चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य	116	480	10.40	2002-03 से 2011-12
16.	वानिकी एवं वन्य जीवन	495	1,382	1,427.25	2003-04 से 2011-12
17.	कारागार	3	3	0.02	2002-03 से 2011-12
योग		**11,538**	**28,455**	**5,234.12**	

निरीक्षण प्रतिवेदनों की बड़ी मात्रा में लम्बित रहना यह इंगित करता है कि महालेखाकार द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदनों में इंगित कमियों, त्रुटियों तथा अनियमितताओं पर सुधारात्मक कार्यवाही करने में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष असफल रहे।

शासन को लेखापरीक्षा आपत्तियों का त्वरित तथा उपयुक्त प्रत्युत्तर हेतु एक प्रभावकारी प्रणाली लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए साथ ही साथ निर्धारित समयावधि में निरीक्षण प्रतिवेदनों/प्रस्तरों का उत्तर भेजने तथा समयबद्ध तरीके से हानि/लम्बित मांगों की वसूली में विफल रहने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारम्भ करने की हम अनुशंसा करते हैं।

1.2.2 विभागीय लेखापरीक्षा समिति की बैठकें

लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों तथा लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के प्रस्तरों के निराकरण की प्रगति, अनुश्रवण एवं शीघ्र निस्तारण हेतु सरकार ने विभिन्न अवधियों के दौरान लेखापरीक्षा समिति का गठन किया है। वर्ष 2011–12 के दौरान लेखापरीक्षा समिति की बैठकें एवं निस्तारित प्रस्तरों के विवरण नीचे दर्शाये गये हैं:

विभाग का नाम	सम्पन्न बैठकों की संख्या	विचारार्थ प्रस्तरों की संख्या	निस्तारित प्रस्तरों की संख्या	धनराशि (₹ करोड़ में)
वाणिज्य कर	27	221	221	3.40
भू–राजस्व	6	45	28	0.48
लोक निर्माण	4	57	37	0.16
योग	**37**	**323**	**286**	**4.04**

लेखापरीक्षा समिति की बैठकों के अतिरिक्त, नीचे दर्शाये गये विवरणानुसार स्थलवार्ता तथा विभागों से प्राप्त उत्तरों के माध्यम से वर्ष 2011–12 के दौरान ₹ 33.67 करोड़ के 767 प्रस्तर निस्तारित किये गये:

विभाग का नाम	निस्तारित प्रस्तरों की संख्या	धनराशि (₹ करोड़ में)
वाणिज्य कर	488	9.55
स्टाम्प एवं निबन्धन फीस	127	4.10
राज्य आबकारी	74	17.27
परिवहन	24	0.39
भू–राजस्व	7	2.14
भू–तत्व एवं खनिकर्म	38	0.16
मनोरंजन कर	9	0.06
योग	**767**	**33.67**

अनिस्तारित लेखापरीक्षा आपत्तियों के शीघ्र निस्तारण के लिये यह आवश्यक है कि लेखापरीक्षा समितियाँ नियमित रूप से मिलें और निस्तारण के लिये लम्बित सभी लेखापरीक्षा आपत्तियों पर यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

1.2.3 आलेख लेखापरीक्षा प्रस्तरों पर विभागों का प्रत्युत्तर

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में शामिल करने हेतु प्रस्तावित आलेख लेखापरीक्षा प्रस्तरों पर सभी विभागों को छः सप्ताह के अन्दर प्रत्युत्तर देने के लिये वित्त विभाग ने निर्देश निर्गत किये थे। आलेख प्रस्तरों को सम्बन्धित विभागों के सचिवों को, लेखापरीक्षा परिणामों पर उनका ध्यान आकर्षित करने तथा छः सप्ताह के अन्दर उनके प्रत्युत्तर भेजने के लिये अनुरोध करते हुए महालेखाकार द्वारा अर्द्ध शासकीय पत्र भेजे गये। विभाग से उत्तर न प्राप्त होने के तथ्य को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में सम्मिलित प्रत्येक प्रस्तरों के अन्त में निश्चित रूप से दर्शाया गया है।

31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए इस प्रतिवेदन में सम्मिलित 55 आलेख प्रस्तर तथा एक निष्पादन लेखापरीक्षा को सम्बन्धित विभागों के सचिवों को अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से जून 2011 तथा मई 2012 के मध्य प्रतिवेदित किया गया था। सम्बन्धित विभाग के सचिवों ने निष्पादन लेखापरीक्षा एवं 15 आलेख प्रस्तरों के विरूद्ध उत्तर भेजा है, जबकि 32 आलेख प्रस्तरों के विरूद्ध विभागों से उत्तर प्राप्त किया गया। परिवहन, भू–तत्व एवं खनिकर्म तथा वन विभागों से क्रमशः एक, पाँच तथा दो आलेख प्रस्तरों के उत्तर प्राप्त नहीं हुए हैं।

1.2.4 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का अनुश्रवण – सारांश

विभिन्न लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में चर्चित प्रकरणों के सन्दर्भ में कार्यपालिका पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवेदनों में सन्दर्भित सभी प्रस्तरों और समीक्षाओं पर, चाहे वह लोक लेखा समिति (लो0ले0स0) द्वारा परीक्षण हेतु लिए गये हों या न लिये गये हों, विभाग द्वारा स्वतः कदम उठाने के लिये वित्त विभाग ने जून 1987 में निर्देश जारी किये थे। वर्ष 2006–07 से 2010–11 की अवधि के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित 109 प्रस्तरों/निष्पादन लेखापरीक्षाओं को, जो पहले ही राज्य विधायिका के समक्ष प्रस्तुत किये जा चुके हैं, 75 आलेख प्रस्तरों/निष्पादन लेखापरीक्षाओं पर कोई भी व्याख्यात्मक टिप्पणी अक्टूबर 2012 तक हमारे कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई थीं। वर्ष 2006–07 से अवशेष व्याख्यात्मक टिप्पणियों का विवरण नीचे दर्शाया गया है:

प्रतिवेदन का वर्ष	विधायिका के समक्ष लेखापरीक्षा प्रतिवेदन रखने की तिथि	लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित प्रस्तरों/ निष्पादन लेखापरीक्षाओं की संख्या	प्रस्तरों/निष्पादन लेखापरीक्षाओं की संख्या जिन पर विभाग से व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ प्राप्त हो चुकी हैं	प्रस्तरों/ निष्पादन लेखापरीक्षाओं की संख्या जिन पर विभाग से व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ प्राप्त नहीं हुई हैं
2006–07	15 फरवरी 2008	24	12	12
2007–08	17 फरवरी 2009	16	14	2
2008–09	28 जनवरी 2010	13	8	5
2008–09 (राज्य आबकारी पर स्टैण्ड एलोन रिपोर्ट)	05 अगस्त 2011	1	0	1
2009–10	08 अगस्त 2011	20	0	20
2010–11	30 मई 2012	35	0	35
योग		**109**	**34**	**75**

1.2.5 पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का अनुपालन

वर्ष 2006–07 से 2010–11 तक के हमारे लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में ₹ 2,751.67 करोड़ के अवनिर्धारण, करों के कम आरोपण/अनारोपण, राजस्व क्षति, मांग सृजित करने में असफलता आदि के मामले प्रतिवेदित किये गये थे। सम्बन्धित विभागों द्वारा अक्टूबर 2012 तक ₹ 959.69 करोड़ की आपत्तियाँ स्वीकार की गयीं और ₹ 14.11 करोड़ की वसूली की गई। लेखापरीक्षा प्रतिवेदनवार स्वीकार किये गये मामले तथा की गयी वसूली का विवरण नीचे दर्शाये गये हैं:

(₹ करोड़ में)

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का वर्ष	कुल धनराशि	स्वीकृत धनराशि	वसूल की गयी धनराशि
2006-07	92.18	1.74	0.37
2007-08	1,035.85	927.83	12.83
2008-09	109.07	4.26	0.03
2008–09 (राज्य आबकारी पर स्टैण्ड एलोन रिपोर्ट)	1,344.56	--	--
2009-10	69.15	8.77	0.16
2010-11	100.50	17.09	0.72
योग	**2751.67**	**959.69**	**14.11**

स्वीकार किये गये मामलों में वसूली अत्यधिक कम (1.47 प्रतिशत) है।

सन्निहित धनराशियों, विशेषतः स्वीकृत मामलों में, की त्वरित वसूली के लिये सरकार को आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है।

1.3 लेखापरीक्षा द्वारा उठाये गये मामलों से सम्बन्धित प्रक्रियात्मक विश्लेषण

निरीक्षण प्रतिवेदनों/लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में मुख्य रूप से दिखाये गये बिन्दुओं के क्रम में, एक विभाग से सम्बन्धित पिछले पाँच वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल की गयी निष्पादन लेखापरीक्षाओं तथा प्रस्तरों में उठाये गये मुख्य बिन्दुओं पर शासन/विभागों द्वारा की गयी कार्यवाही इस लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में मूल्यांकित एवं सम्मिलित की गयी है।

अनुवर्ती प्रस्तरों 1.3.1 से 1.3.2.2 में **परिवहन विभाग** के निष्पादन पर विगत छः वर्षों में स्थानीय लेखापरीक्षा के दौरान पाये गये मामले एवं वर्ष 2006–07 से 2010–11 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित मामलों पर भी चर्चा की गयी है।

1.3.1 निरीक्षण प्रतिवेदन की स्थिति

पिछलें छः वर्षों के दौरान जारी किये गये निरीक्षण प्रतिवेदनों एवं इन प्रतिवेदनों में सम्मिलित किये गये प्रस्तरों और मार्च 2012 तक की उनकी स्थिति का संक्षिप्त विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	आरम्भिक रहतिया			वर्ष के दौरान शामिल			वर्ष के दौरान निस्तारण			अन्तिम रहतिया		
	नि.प्र.	प्रस्तर	धनराशि	नि.प्र.	प्रस्तर	धनराशि	नि.प्र.	प्रस्तर	धनराशि	नि.प्र.	प्रस्तर	धनराशि
2006-07	904	2710	102.72	61	171	9.22	1	4	0.01	964	2877	111.93
2007-08	964	2877	111.93	67	295	11.35	6	12	0.10	1025	3160	123.18
2008-09	1025	3160	123.18	74	245	107.19	208	546	10.73	891	2859	219.65
2009-10	891	2859	219.65	78	360	25.74	39	111	11.15	930	3108	234.24
2010-11	930	3108	234.24	60	183	8.34	132	610	15.57	858	2681	227.01
2011-12	858	2681	227.01	71	510	87.47	4	24	0.39	925	3167	314.09

वर्ष 2008–09 से 2011–12 के दौरान 18 आडिट कमेटी बैठकों में ₹ 26.16 करोड़ निहत धनराशि के 920 प्रस्तर निस्तारित किये गये थे।

1.3.2 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में मुख्य रूप से दिखाये गये बिन्दुओं पर शासन/विभाग द्वारा दिये गये आश्वासन

1.3.2.1 स्वीकृत मामलों की वसूली

पिछलें पॉच वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित प्रस्तरों की स्थिति, इसमें से विभाग द्वारा स्वीकार किये गये मामले तथा वसूल की गई धनराशियों का विवरण निम्नवत दर्शाया गया है:

(₹ करोड़ में)

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का वर्ष	शामिल प्रस्तरों की संख्या	प्रस्तरों की धनराशि	स्वीकार किये गये प्रस्तरों की संख्या	स्वीकार किये गये प्रस्तरों की धनराशि	वर्ष के दौरान वसूल की गयी धनराशि	स्वीकार किये गये मामलों की वसूली की क्यूमिलेटिव स्थिति
2006-07	2	6.11	-	-	-	-
2007-08	2	82.02	1	73.22	1	8.80
2008-09	1	5.80	-	-	-	-
2009-10	1	15.60	1	5.49	-	-
2010-11	8	2.15	3	0.57	-	-
योग	**14**	**111.68**	**5**	**79.28**	**1**	**8.80**

उपरोक्त तालिका का विश्लेषण यह दर्शाता है कि स्वीकार किये गये प्रस्तरों और उनकी धनराशि की प्रतिशतता बहुत कम है। वसूली की धनराशि स्वीकार किये गये प्रस्तरों की धनराशि के सापेक्ष 11.10 प्रतिशत है।

हम अनुसंशा करते हैं कि विभाग कम से कम स्वीकृत प्रस्तरों में सन्निहित धनराशियों की वसूली सुनिश्चित करें।

1.3.2.2 शासन/विभागों द्वारा स्वीकार की गई सिफारिशों पर की गई कार्यवाही

हमारे द्वारा सम्पादित इन आलेख निष्पादन लेखापरीक्षाओं को शासन/सम्बन्धित विभागों को सूचना के लिए एवं उनके उत्तर देने के अनुरोध के साथ उत्तर देने हेतु अग्रसारित किये जाते हैं। निष्पादन लेखापरीक्षाओं पर एक समापन विचार गोष्ठी में भी विचार–विमर्श किया जाता है तथा लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों हेतु निष्पादन लेखापरीक्षाओं को अन्तिम रूप देते समय विभाग/शासन का दृष्टिकोण इनमें शामिल किया जाता है।

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2009–10 एवं 2010–11 में सम्मिलित निष्पादन लेखापरीक्षाओं क्रमशः ''परिवहन विभाग के कार्य–कलाप'' एवं ''मोटरयान विभाग में कम्प्यूटरीकरण'' में मुख्य रूप से दिखाये गये मामलों पर की गयी सिफाारिशें और विभाग द्वारा स्वीकृत सिफारिशों पर कृत कार्यवाही के विवरण सम्मिलित करते हुए नीचे दर्शायें गये हैः

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन वर्ष	निष्पादन लेखापरीक्षा का नाम	संस्तुतियों की संख्या	स्वीकार संस्तुतियों की संख्या
2009-10	परिवहन विभाग के कार्य–कलाप	8	6
2010-11	मोटरयान विभाग में कम्प्यूटरीकरण	8	8

इन प्रतिवेदनों में दी गयी सिफाारिशों पर विभाग ने अभी तक की गयी कार्यवाही से अवगत नहीं कराया है।

1.4 लेखापरीक्षा योजना

विभिन्न विभागों के अधीन इकाई कार्यालयों को, लेखापरीक्षा आपत्तियों की पिछली रूझान, अन्य मापदण्डों एवं राजस्व की स्थिति के अनुसार उच्च, मध्य एवं लघु जोखिम इकाइयों में श्रेणीबद्ध किया गया है। वार्षिक लेखापरीक्षा योजना जोखिम के विश्लेषण के आधार पर तैयार की जाती है जिसमें कर प्रशासन, शासकीय राजस्व के महत्वपूर्ण मामलें जैसे बजट अभिभाषण, राज्य वित्त पर श्वेत पत्र, वित्त आयोग के प्रतिवेदनों (राज्य एवं केन्द्र), कर सुधार समिति की सिफारिशें, पिछले पाँच वर्षों में अर्जित राजस्व का सांख्यिकीय विश्लेषण, कर प्रशासन की रूपरेखा, लेखापरीक्षा क्षेत्र तथा विगत पाँच वर्षों के दौरान इसका प्रभाव सम्मिलित रहता है।

वर्ष 2011–12 के दौरान कुल 1,972 इकाइयाँ लेखापरीक्षा हेतु शामिल करने योग्य थीं जिसमें से 1,356 इकाइयों की लेखापरीक्षा की गई। विवरण निम्न सारिणी में दर्शाया गया हैः

क्र0 सं0	विभाग का नाम	लेखापरीक्षा हेतु इकाइयों की संख्या	लेखापरीक्षित इकाइयों की संख्या
1.	वाणिज्य कर	987	615
2.	राज्य आबकारी आसवनियों सहित	282	200
3.	परिवहन	97	96
4.	मनोरंजन कर	63	29
5.	स्टाम्प एवं निबंधन	404	339
6.	भू–तत्व एवं खनिकर्म	26	17
7.	वन	113	60
	योग	**1,972**	**1,356**

उपरोक्त अनुपालन लेखापरीक्षा के अतिरिक्त ''स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की कार्यप्रणाली'' पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा तैयार की गयी है।

1.5 लेखापरीक्षा के परिणाम

1.5.1 वर्ष के दौरान सम्पादित स्थानीय लेखापरीक्षा की स्थिति

वर्ष 2011–12 के दौरान वाणिज्य कर, आबकारी, वाहनों, माल एवं यात्रियों पर कर, स्टाम्प एवं निबन्धन फीस, खनन प्राप्तियाँ तथा कर एवं करेत्तर प्राप्तियों से सम्बन्धित 1,356 इकाइयों के अभिलेखों की हमारे नमूना जाँच में ₹ 1,754.31 करोड़ के कर के अवनिर्धारण/कम कर आरोपण/राजस्व हानि के 4,878 मामले प्रकाश में आये। वर्ष के दौरान सम्बन्धित विभागों ने 637 मामलों में ₹ 33.83 करोड़ के अवनिर्धारण एवं अन्य कमियों आदि के मामले स्वीकार किये जिनमें से ₹ 30.68 करोड़ के 78 मामले वर्ष 2011–12 की लेखापरीक्षा के दौरान इंगित किये गये तथा शेष मामले पूर्ववर्ती वर्षों के थे। विभागों द्वारा वर्ष 2011–12 के दौरान 326 मामलों में ₹ 3.79 करोड़ की वसूली की गयी, जिसमे से 25.79 लाख के 44 मामले वर्ष 2011–12 की लेखापरीक्षा के दौरान तथा शेष पूर्ववर्ती वर्षों में प्रकाश में लाये गये थे।

1.5.2 यह प्रतिवेदन

इस प्रतिवेदन में **"स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की कार्यप्रणाली"** पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा को मिलाकर 56 प्रस्तर हैं जो कर, शुल्क, ब्याज तथा अर्थदण्ड आदि के अनारोपण/कम आरोपण से सम्बन्धित हैं, जिनमें सन्निहित वित्तीय प्रभाव ₹ 857.95 करोड़ है। शासन/विभागों ने ₹ 438.41 करोड़ की धनराशि की आपत्तियाँ स्वीकार की जिसमें से ₹ 2.60 करोड़ की वसूली की गयी। शेष मामलों के उत्तर प्राप्त नहीं हुए हैं (फरवरी 2013)। ये मामले अनुवर्ती अध्याय II से VII में वर्णित हैं।

अध्याय–II
वाणिज्य कर/मूल्य संवर्धित कर

2.1 कर प्रशासन

व्यापार कर (व्या0क0) राज्य के राजस्व का मुख्य स्रोत है (दिसम्बर 2007 के पश्चात् इसे वाणिज्य कर के रूप में जाना गया) जो कि वर्ष 2011–12 के दौरान राज्य के कुल कर राजस्व (₹ 52,613.43 करोड़) के 62.93 प्रतिशत अंश (₹ 33,107.34 करोड़) के रूप में प्राप्त हुआ। वाणिज्य कर का आरोपण, 31 दिसम्बर 2007 तक उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948 (उ0प्र0व्या0क0अधि0) के प्रावधानों एवं उसके अधीन बने नियमों, तत्पश्चात् उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 (उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम) 1 जनवरी 2008 से प्रभावी, के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। केन्द्रीय बिक्री कर के आरोपण का विनियमन केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956 (के0बि0क0अधि0), के प्रावधानों एवं उसके अधीन बने नियमों के अनुसार किया जाता है।

शासकीय स्तर पर प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं मनोरंजन कर, उत्तर प्रदेश मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हैं। वाणिज्य कर विभाग का समग्र नियंत्रण एवं निर्देशन कमिश्नर वाणिज्य कर (क0वा0क0) में निहित है जिसका मुख्यालय लखनऊ में है। उनकी सहायता के लिए 104 एडीशनल कमिश्नर, 157 ज्वाइन्ट कमिश्नर (ज्वा0क0), 494 डिप्टी कमिश्नर (डि0क0), 964 असिस्टेन्ट कमिश्नर (अ0क0) एवं 1275 वाणिज्य कर अधिकारी (वा0क0अ0) हैं।

2.2 प्राप्तियों का रुझान

विगत वर्षों 2007–08 से 2011–12 की अवधि में कुल कर प्राप्तियों के साथ ही समान अवधि में व्यापार कर/वैट की वास्तविक प्राप्तियों का विवरण निम्नलिखित तालिका और बार डाईग्राम में दर्शाया गया है:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बजट अनुमान	वास्तविक प्राप्तियाँ	भिन्नता कमी (–)/ आधिक्य (+)	भिन्नता का प्रतिशत	राज्य की कुल कर प्राप्तियाँ	कुल प्राप्तियों में वा0क0/मू0सं0क0 प्राप्तियों का प्रतिशत
2007-08	17,314.10	15,023.10	(-) 2,291.00	(-) 13.23	24,959.32	60.19
2008-09	19,705.00	17,482.05	(-) 2,222.95	(-) 11.28	28,658.97	61.00
2009-10	20,741.27	20,825.18	(+) 83.91	0.40	33,877.60	61.47
2010-11	26,978.34	24,836.52	(-) 2,141.82	(-) 7.94	41,355.00	60.06
2011-12	32,000.00	33,107.34	(+) 1,107.34	3.46	52,613.43	62.93

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे।



सारणी से यह स्पष्ट है कि 2007–08 एवं 2011–12 के दौरान बजट अनुमान एवं वास्तविक प्राप्तियों के बीच (–) 13.23 एवं 3.46 प्रतिशत के बीच असामान्य भिन्नता थी।

2.3 राजस्व के बकायों का विश्लेषण

31 मार्च 2012 को ₹ 18,960.28 करोड़ का राजस्व बकाया था जिसमें से ₹ 11,803.03 करोड़ पाँच वर्ष से अधिक समय से लम्बित था। वर्ष 2007–08 से 2011–12 तक के लम्बित राजस्व बकाये का विवरण निम्न तालिका में वर्णित है:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बकाया का आरम्भिक रहतिया	वर्ष के दौरान संग्रहीत धनराशि	बकाया का अन्तिम रहतिया
2007-08	14,569.19	3,487.63	11,081.94
2008-09	11,081.94	4,307.91	15,389.85
2009-10	15,389.85	1,063.45	16,453.30
2010-11	16,453.30	1,350.97	16,665.41
2011-12	16,665.41	1,700.51	18,960.28

स्रोतः विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना।

विभाग ने बताया कि ₹ 1,576.23 करोड़ के भू–राजस्व के बकाये की वसूली के लिये प्रमाणित मांग पत्र निर्गत किये गये, ₹ 4,260.46 करोड़ न्यायालय एवं शासन द्वारा स्थगित किये गये थे, ₹ 495.62 करोड़ की बकाया की वसूली सरकारी तथा अर्द्धसरकारी विभागों से थे, ₹ 913.17 करोड़ की वसूली प्रमाणपत्र दूसरे राज्यों से सम्बन्धित थे, राज्य के ट्रान्सपोर्टरों पर ₹ 69.93 करोड़ के वसूली प्रमाण पत्र थे, ₹ 1,498.03 करोड़ बट्टे खाते में डालने हेतु प्रस्तावित हैं, तथा ₹ 10,146.84 करोड़ की शेष बकाया धनराशि विभागीय कार्यवाही हेतु लम्बित थे।

2.4 प्रति व्यापारी वैट लागत

प्रति व्यापारी वैट पर वर्ष 2009–10 से 2011–12 की अवधि में आयी लागत का विवरण निम्न तालिका में वर्णित है:

वर्ष	व्यापारियों की संख्या	सकल संग्रह (₹ करोड़ में)	संग्रह पर व्यय (₹ करोड़ में)	प्रति व्यापारी लागत (₹ में)
2009-10	5,75,434	20,825.18	358.43	6,228.86
2010-11	5,94,695	24,836.52	391.45	6,582.37
2011-12	6,42,645	33,107.34	440.89	6,860.55

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे एवं विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना।

2.5 कर निर्धारण हेतु बकाये मामले

वाणिज्य कर विभाग द्वारा वर्ष 2007–08 से 2011–12 के दौरान उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार वर्ष के प्रारम्भ में बकाया कर निर्धारण के मामले, अतिरिक्त मामले जो कि वर्ष के दौरान कर निर्धारण हेतु प्राप्त हुए, वर्ष के दौरान निस्तारित मामले तथा वर्ष के अन्त में निस्तारण हेतु अवशेष मामलों का विवरण निम्न तालिका में प्रदर्शित हैं:

वर्ष	प्रारम्भिक रहतिया	कर निर्धारण हेतु प्राप्त मामले	योग	वर्ष के दौरान निस्तारित मामले	वर्ष के अन्त में बकाया मामले
2007-08	5,76,968	6,19,710	11,96,678	2,58,011	9,38,667
2008-09	9,38,667	5,33,358	14,72,025	9,50,313	5,21,712
2009-10	5,21,712	1,83,378	7,05,090	6,92,704	12,386
2010-11	12,386	5,44,458	5,56,844	5,50,802	6,042
2011-12	6,042	6,54,378	6,60,420	4,76,368	1,84,052

स्रोतः विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना।

विभाग को बकाया कर निर्धारण मामलों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने की आवश्यकता है।

2.6 संग्रह की लागत

वर्ष 2007–08, 2008–09, 2009–10, 2010–11 एवं 2011–12 के दौरान व्या0क0/मू0सं0क0 प्राप्तियों के सम्बन्ध में सकल संग्रह, संग्रह पर हुआ व्यय एवं संग्रह पर हुए व्यय की प्रतिशतता के साथ ही पिछले वर्ष में सकल संग्रह पर हुये व्यय की प्रासंगिक अखिल भारतीय औसत प्रतिशतता निम्न तालिका में प्रदर्शित हैं:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	सकल संग्रह	संग्रह पर व्यय	सकल संग्रह पर संग्रह की लागत की प्रतिशतता	पिछले वर्ष की अखिल भारतीय प्रतिशतता
2007-08	15,023.10	228.19	1.52	0.82
2008-09	17,482.05	272.54	1.56	0.83
2009-10	20,825.18	358.43	1.72	0.88
2010-11	24,836.52	406.65	1.64	0.96
2011-12	33,107.34	440.89	1.33	0.75

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे एवं विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना।

इस प्रकार, सभी पाँच वर्षों में संग्रह पर व्यय की प्रतिशतता अखिल भारतीय औसत से अधिक थी।

शासन को संग्रह लागत कम करने हेतु उपयुक्त उपाय करने की आवश्यकता है।

2.7 लेखापरीक्षा का राजस्व प्रभाव

अवधि 2006–07 से 2010–11 के दौरान हमने लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के माध्यम से कर का अनारोपण/कम आरोपण, कर की वसूली न होना/कम वसूली, कर का कम आरोपण/राजस्व हानि, अनियमित छूट, टर्नओवर का छिपाव, कर की गलत दर का लागू किया जाना, गणना की त्रुटि आदि के ₹ 1,502.44 करोड़ के 10,084 मामलों को इंगित किया। जिसमें से विभाग/शासन ने 1,359 मामलों में ₹ 15.23 करोड़ की लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया था तथा अब तक 508 मामलों में ₹ 2.05 करोड़ वसूल कर लिया था। विवरण निम्न तालिका में प्रदर्शित है:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	लेखापरीक्षित इकाइयों की संख्या	आपत्तिगत धनराशि		स्वीकार की गयी धनराशि		वसूल की गयी धनराशि	
		मामलों की सं0	धनराशि	मामलों की सं0	धनराशि	मामलों की सं0	धनराशि
2006-07	473	1,548	74.60	38	0.36	6	0.02
2007-08	489	1,210	1,191.14	124	0.51	114	0.46
2008-09	591	1,967	64.65	202	5.60	128	0.68
2009-10	685	2,711	77.32	559	7.13	112	0.36
2010-11	892	2,648	94.73	436	1.63	148	0.53
योग	**3,130**	**10,084**	**1,502.44**	**1,359**	**15.23**	**508**	**2.05**

2.8 लेखापरीक्षा के परिणाम

वर्ष 2011–12 के दौरान वाणिज्य कर कार्यालयों के कर निर्धारण एवं अन्य अभिलेखों की नमूना जाँच ने कर का अनारोपण/कम आरोपण, माल के गलत वर्गीकरण तथा कर की त्रुटिपूर्ण दर के फलस्वरूप कर का अनारोपण/कम आरोपण, अनियमित छूट आदि के ₹ 132.67 करोड़ के 2,451 मामले उद्घाटित किये जो निम्नलिखित श्रेणियों के अन्तर्गत आते हैं:

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	श्रेणियाँ	मामलों की संख्या	धनराशि
1.	अर्थदण्ड/ब्याज का अनारोपण/कम आरोपण	949	39.21
2.	कर का अनारोपण/कम आरोपण	230	7.41
3.	अनियमित कर मुक्ति का दिया जाना	263	32.37
4.	माल की दर का त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण	256	13.26
5.	माल का गलत वर्गीकरण	38	1.68
6.	केन्द्रीय बिक्री कर से सम्बन्धित अनियमितताएं	31	0.86
7.	गणना की त्रुटि	06	0.06
8.	टर्नओवर पर कर लगने से छूट जाना	14	0.59
9.	अन्य अनियमिततायें	664	37.23
योग		**2,451**	**132.67**

वर्ष 2011–12 के दौरान विभाग ने 522 मामलों में ₹ 3.06 करोड़ के अवनिर्धारण एवं अन्य कमियों को स्वीकार किया, जिनमें से ₹ 5.42 लाख के 21 मामले वर्ष 2011–12 में इंगित किये गये तथा शेष पूर्ववर्ती वर्षों के थे। विभाग ने वर्ष 2011–12 के दौरान 230 मामलों में ₹ 44.68 लाख की वसूली की जिनमें से ₹ 2.02 लाख के 6 मामले वर्ष 2011–12 से तथा शेष पूर्ववर्ती वर्षों से सम्बन्धित थे।

कुछ निदर्शी मामले जिनमें ₹ 16.76 करोड़ का राजस्व प्रभाव निहित है, अनुवर्ती प्रस्तरों में उल्लिखित हैं।

2.9 लेखापरीक्षा प्रेक्षण

वाणिज्य कर विभाग के कर निर्धारण अभिलेखों की हमारी जाँच में अधिनियमों/नियमों को अमल में न लाये जाने, कर/अर्थदण्ड/ब्याज के अनारोपण, अनियमित कर मुक्ति, कर की त्रुटिपूर्ण दर लगाये जाने आदि एवं निष्प्रयोज्य व्यय के एक प्रकरण सहित अनेक प्रकरण प्रकाश में आये जो कि इस अध्याय में आगे दिये गये प्रस्तरों में उल्लिखित हैं। ये प्रकरण उदाहरणात्मक हैं तथा हमारे नमूना जाँच पर आधारित हैं। कर निर्धारण प्राधिकारियों के स्तर पर ऐसी त्रुटियां प्रत्येक वर्ष हमारे द्वारा इंगित की जाती है परन्तु ऐसी अनियमितताएं न केवल बनी रहती हैं अपितु लेखापरीक्षा होने तक ये प्रकाश में नही आती हैं। हम अनुभव करते हैं कि शासन के लिए यह आवश्यक है कि वह आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली में सुधार के साथ ही आन्तरिक लेखापरीक्षा प्रणाली को भी मजबूत करे।

2.10 कर की गलत दर लगाये जाने तथा वस्तुओं के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण कर का अनारोपण/कम आरोपण

क0नि0प्रा0 ने कर निर्धारण करते समय दरों की अनुसूची में उल्लिखित कर की सही दर को लागू नहीं किया, कुछ प्रकरणों में माल के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण कर की निम्नतर दरें लागू की गयीं एवं कुछ प्रकरणों में कोई कर ही आरोपित नहीं किया गया जिसके फलस्वरूप ₹ 5.04 करोड़ के कर का अनारोपण/कम आरोपण हुआ जैसा कि उत्तरवर्ती प्रस्तरों में उल्लिखित है:

2.10.1 कर की गलत दर लगाये जाने के फलस्वरूप कर का अनारोपण/कम आरोपण

उ0प्र0 व्यापार कर (उ0प्र0व्या0क0) अधिनियम, 1948 की धारा 3–क के अन्तर्गत शासन के द्वारा समय–समय पर विज्ञापित दरों की अनुसूची के अनुसार वर्गीकृत वस्तुओं पर कर आरोपणीय होता है। जो वस्तुएँ निर्धारित दरों की अनुसूची में वर्गीकृत नहीं हैं उन पर 1 दिसम्बर 1998 से 10 प्रतिशत की दर से कर आरोपणीय है। उ0प्र0 मूल्य संवर्धित कर (उ0प्र0मू0सं0क0) अधिनियम, 2008 की धारा 4(1) के अन्तर्गत 1 जनवरी 2008 से अनुसूची–I में शामिल वस्तुएँ करमुक्त हैं, अनुसूची–II में शामिल वस्तुएँ चार प्रतिशत की दर से तथा अनुसूची–III में शामिल वस्तुएँ एक प्रतिशत की दर से कर योग्य हैं तथा वे वस्तुएँ जो अनुसूची–IV में शामिल हैं समय–समय पर शासन द्वारा विज्ञापित दरों के अनुसार कर योग्य हैं। वस्तुएँ जो उपरोक्त किसी भी अनुसूची में वर्गीकृत नहीं हैं वो अनुसूची–V में शामिल हैं एवं 12.5 की दर से कर योग्य हैं।

हमने 55 वाणिज्य कर कार्यालयों [1] (वा0क0का0) में देखा कि क0नि0प्रा0 ने अवधि 2002–03 से 2009–10 के लिए अगस्त 2004 से मार्च 2011 के मध्य कर निर्धारण [2] करते समय ₹ 60.77 करोड़ मूल्य के माल की

[1] असि0क0 खण्ड–10 आगरा, डि0क0 खण्ड–11 आगरा, डि0क0 खण्ड–17 आगरा, डि0क0 खण्ड–19 आगरा, असि0क0 खण्ड–1 अलीगढ़, डि0क0 खण्ड–1 इलाहाबाद, असि0क0 खण्ड–7 इलाहाबाद, डि0क0 खण्ड–14 इलाहाबाद, डि0क0 खण्ड–10 बरेली, डि0क0 खण्ड–2 गौतमबुद्धनगर, डि0क0 खण्ड–3 गौतमबुद्धनगर, ज्वा0क0(कार्पो0स0)–अ गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–4 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–5 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–7 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–8 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–8 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–9 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–13 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–14 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–15 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–15 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–16 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–17 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–18 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–18 गाजियाबाद, ज्वा0क0(कार्पो0स0) गोरखपुर, असि0क0 खण्ड–1 हापुड, डि0क0 खण्ड–2 कानपुर, असि0क0 खण्ड–3 कानुपर, डि0क0 खण्ड–7 कानपुर, डि0क0 खण्ड–20 कानपुर, डि0क0 खण्ड–25 कानपुर, डि0क0 खण्ड–28 कानपुर, डि0क0 खण्ड–29 कानपुर, डि0क0 खण्ड–30 कानपुर, ज्वा0क0(कार्पो0स0)–1 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–4 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–5 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–16 लखनऊ, असि0क0 खण्ड–9 मेरठ, ज्वा0क0(कार्पो0स0)–अ नोएडा, डि0क0 खण्ड–4 नोएडा, डि0क0 खण्ड–5 नोएडा, डि0क0 खण्ड–6 नोएडा, डि0क0 खण्ड–7 नोएडा, डि0क0 खण्ड–11 नोएडा, डि0क0 खण्ड–12 नोएडा, डि0क0 खण्ड–13 नोएडा, असि0क0 खण्ड–13 नोएडा, असि0क0 खण्ड–2 रामपुर, डि0क0 खण्ड–4 सहारनपुर, डि0क0 खण्ड–12 सहारनपुर, डि0क0 खण्ड–2 वाराणसी एवं असि0क0 खण्ड–5 वाराणसी।

[2] 79 व्यापारियों के लिए।

बिक्री पर गलत दर से कर आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 3.32 करोड़ कम व्यापार कर (व्या0क0)/मूल्य संवर्धित कर (मू0सं0क0) आरोपित हुआ। जैसा कि **परिशिष्ट– I** में दर्शाया गया है।

हमारे द्वारा इन प्रकरणों को मार्च 2007 एवं मई 2012 के मध्य विभाग/शासन को इंगित किये जाने पर विभाग ने जनवरी 2011 एवं अगस्त 2012 के मध्य बताया कि 11 मामलों[3] में ₹ 33.16 लाख व्या0क0/मू0सं0क0 आरोपित कर दिया गया है एवं इसमें से ₹ 2.75 लाख की वसूली की जा चुकी है। अन्य मामलों में हमें उनके उत्तर एवं वसूली की स्थिति प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

2.10.2 वस्तुओं के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण व्या0क0/मू0सं0क0 का कम आरोपण

हमने अगस्त 2009 से सितम्बर 2011 के मध्य 15 वा0क0का0[4] में देखा कि क0नि0प्रा0 ने 17 व्यापारियों के प्रकरणों में अवधि 2005–06 से 2007–08 के लिए सितम्बर 2008 से मार्च 2011 के मध्य कर निर्धारण करते समय ₹ 12.67 करोड़ के माल की बिक्री पर त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण गलत दर से कर आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 81.42 लाख कम व्या0क0/मू0सं0क0 आरोपित हुआ, जैसा कि **परिशिष्ट–II** में दर्शाया गया है।

हमारे द्वारा इन प्रकरणों[5] को इंगित किये जाने पर विभाग ने बताया (नवम्बर 2012) कि 13 प्रकरणों[6] में ₹ 52.26 लाख व्या0क0/मू0सं0क0 आरोपित कर दिया गया है जिसमें से ₹ 3.35 लाख की वसूली अब तक की जा चुकी है। विभाग ने आगे बताया कि चार क0नि0प्रा0[7] के प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है। हमें अन्तिम कार्यवाही की स्थिति प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

---

[3] डि0क0 खण्ड–2 गौतमबुद्धनगर, डि0क0 खण्ड–3 गौतमबुद्धनगर(दो मामलें), ज्वा0क0(कार्पो0स0)–अ गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–18 गाजियाबाद (एक मामला), असि0क0 खण्ड–3 कानपुर (एक मामला), डि0क0 खण्ड–4 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–5 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–5 नोएडा, डि0क0 खण्ड–7 नोएडा (एक मामला) एवं असि0क0 खण्ड–5 वाराणसी।

[4] डि0क0 खण्ड–2 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–6 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–15 कानपुर, डि0क0 खण्ड–20 कानपुर, डि0क0 खण्ड–2 लखनऊ, असि0क0 खण्ड–2 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–12 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–19 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–1 मेरठ, असि0क0 खण्ड–12 मेरठ, डि0क0 खण्ड–2 मिर्जापुर, डि0क0 मोदी नगर, डि0क0 खण्ड–2 नोएडा, डि0क0 खण्ड–5 नोएडा एवं डि0क0 खण्ड–13 नोएडा।

[5] अक्टूबर 2009 एवं दिसम्बर 2011 के मध्य।

[6] डि0क0 खण्ड–2 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–15 कानपुर, डि0क0 खण्ड–20 कानपुर, डि0क0 खण्ड–2 लखनऊ, असि0क0 खण्ड–2 लखनऊ, असि0क0 खण्ड–12 मेरठ, डि0क0 खण्ड–2 मिर्जापुर, डि0क0 मोदीनगर, डि0क0 खण्ड–2 नोएडा, डि0क0 खण्ड–5 नोएडा (तीन मामलें) एवं डि0क0 खण्ड–13 नोएडा।

[7] डि0क0 खण्ड–6 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–12 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–19 लखनऊ एवं डि0क0 खण्ड–1 मेरठ।

2.10.3 कर की गलत दर लगाये जाने के कारण के0बि0क0 का अनारोपण/कम आरोपण

केन्द्रीय बिक्री कर (के0बि0क0) अधिनियम, 1956 की धारा 8(1) के अन्तर्गत फार्म 'सी' से आच्छादित वस्तुओं (घोषित वस्तुओं को छोडकर) की अर्न्तप्रान्तीय बिक्री पर 31 मार्च 2007 तक चार प्रतिशत एवं 1 अप्रैल 2007 से तीन प्रतिशत की दर से कर आरोपणीय है तथा के0बि0क0 अधिनियम की धारा 8(2) के अन्तर्गत फार्म 'सी' से अनाच्छादित वस्तुओं (घोषित वस्तुओं को छोडकर) की बिक्री पर 31 मार्च 2007 तक 10 प्रतिशत अथवा सन्दर्भित राज्य में ऐसी वस्तु की खरीद या बिक्री पर आरोपणीय कर की दर दोनो में जो भी अधिक हो की दर से कर आरोपणीय है, एवं 1 अप्रैल 2007 से उस दर से कर आरोपणीय है जो कि उस सन्दर्भित राज्य में ऐसी वस्तुओं की खरीद या बिक्री पर लागू है।

हमने मार्च 2007 एवं जनवरी 2012 के मध्य 13 वा0क0का0[8] में देखा कि 13 व्यापारियों ने वर्ष 2002–03 से 2007–08 के दौरान ₹ 15.23 करोड़ मूल्य के माल की अर्न्तप्रान्तीय बिक्री की। क0नि0प्रा0 ने अगस्त 2004 एवं मार्च 2011 के मध्य कर निर्धारण करते समय बिक्री पर लागू दर के बजाय कम दर से के0बि0क0 आरोपित किया अथवा करमुक्ति प्रदान की। इसके परिणामस्वरूप ₹ 90.65 लाख कम के0बि0क0 का आरोपण हुआ, जैसा कि **परिशिष्ट–III** में दर्शाया गया है।

हमारे द्वारा इन प्रकरणों[9] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (नवम्बर 2012) कि 10 प्रकरणों[10] में ₹ 82.88 लाख के0बि0क0 आरोपित कर दिया गया है जिसमें से ₹ 20.30 लाख की वसूली की जा चुकी है। अग्रेतर, विभाग ने बताया कि दो क0नि0प्रा0[11] के प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है। हमें अन्तिम कार्यवाही की स्थिति प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

---

[8] डि0क0 खण्ड–1 इलाहाबाद, वा0क0का0 खण्ड–1 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–13 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–15 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–15 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–17 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–6 कानपुर, डि0क0 खण्ड–16 कानपुर, डि0क0 खण्ड–26 कानपुर, डि0क0 कोसीकलां, डि0क0 मोदीनगर, डि0क0 खण्ड–2 नोएडा एवं डि0क0 खण्ड–5 नोएडा।

[9] मार्च 2007 एवं अगस्त 2012 के मध्य।

[10] डि0क0 खण्ड–1 इलाहाबाद, वा0क0अधि0 खण्ड–1 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–15 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–15 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–6 कानपुर, डि0क0 खण्ड–16 कानपुर, डि0क0 खण्ड–26 कानपुर, डि0क0 कोसीकलां, डि0क0 खण्ड–2 नोएडा, एवं डि0क0 खण्ड–5 नोएडा।

[11] डि0क0 खण्ड–13 एवं 15 गाजियाबाद।

2.11 अर्थदण्ड का अनारोपण एवं ब्याज का प्रभारित न किया जाना

क0नि0प्रा0 ने कर निर्धारण करते समय व्यापारियों द्वारा किये गये अपराधों पर ध्यान नहीं दिया जैसे कि अनियमित संव्यवहार, लेखाओं से बाहर संव्यवहार, अधिनियम एवं नियमों के प्रावधानों के प्रतिकूल व्यवहार आदि। यद्यपि कि अधिनियम में अर्थदण्ड के आरोपण एवं ब्याज के प्रभारित किये जाने हेतु स्पष्ट प्रावधान हैं फिर भी इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 4.34 करोड़ के अर्थदण्ड का आरोपण एवं ब्याज प्रभारित नहीं हुआ जैसा कि अग्रेतर प्रस्तरों में उल्लिखित है:

2.11.1 विलम्ब से कर जमा किये जाने पर अर्थदण्ड का अनारोपण

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा–15 ए(1)(ए) एवं उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54(1)(1) के अन्तर्गत यदि क0नि0प्रा0 इस बात से संतुष्ट है कि कोई व्यापारी या अन्य कोई व्यक्ति बिना किसी युक्तियुक्त कारण के अपने टर्नओवर का विवरण प्रस्तुत करने में असफल रहा है या इन अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार कर को जमा करने में असफल रहा है, तो वह व्यापारी को निर्देश दे सकता है कि यदि उसके द्वारा कोई कर देय हो, तो वह कर के अतिरिक्त अर्थदण्ड के रूप में, ऐसे देय कर का न्यूनतम 10 प्रतिशत किन्तु अधिकतम 25 प्रतिशत यदि देय कर ₹ 10,000 तक हो और देय कर का 50 प्रतिशत यदि देय कर ₹ 10,000 से अधिक हो उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम के अन्तर्गत तथा देय कर का 20 प्रतिशत उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम के अन्तर्गत अदा करे।

हमने सितम्बर 2009 एवं फरवरी 2012 के मध्य 13 वा0क0का0[12] में देखा कि 15 व्यापारियों ने अवधि 2005–06 से 2009–10 के लिए ₹ 4.19 करोड़ के अपने स्वीकृत कर को समय से जमा नहीं किया था। विलम्ब की अवधि तीन से 759 दिनों तक की थी। क0नि0प्रा0 ने दिसम्बर 2008 एवं मार्च 2011 के मध्य कर निर्धारण करते समय देय कर के अतिरिक्त ₹ 59.18 लाख का न्यूनतम अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया जैसा कि **परिशिष्ट– IV** में वर्णित है।

हमारे द्वारा प्रकरण[13] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (नवम्बर 2012) कि ₹ 54.84 लाख का अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है जिसमें से ₹ 7.99 लाख की वसूली की जा चुकी है। असि0 कमि0 खण्ड–21 लखनऊ के सम्बन्ध में हमें अन्तिम कार्यवाही की स्थिति प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

---

[12] डि0क0 खण्ड–3 बरेली, डि0क0 खण्ड–2 चन्दौसी (दो मामले), डि0क0 खण्ड–4 फिरोजाबाद, डि0क0 खण्ड–2 गौतमबुद्धनगर, डि0क0 खण्ड–1 गोरखपुर, असि0क0 खण्ड–5 झाँसी, ज्वा0क0 (कार्पो0स0)–II कानपुर (दो मामले), डि0क0 खण्ड–5 कानपुर, ज्वा0क0 (कार्पो0स0)–आयल सेक्टर लखनऊ, डि0क0 खण्ड–2 लखनऊ, असि0क0 खण्ड–21 लखनऊ, डि0क0 खण्ड–2 मथुरा एवं डि0क0 खण्ड–5 नोएडा।

[13] अगस्त 2010 एवं मार्च 2012 के मध्य।

2.11.2 टर्न ओवर के छिपाये जाने पर अर्थदण्ड का अनारोपण

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा–15 ए(1)(सी) के अन्तर्गत यदि क0नि0प्रा0 इस बात से संतुष्ट है कि व्यापारी ने अपना टर्न ओवर छिपाया है अथवा जानबूझ कर अपने टर्न ओवर के सम्बन्ध में गलत विवरण प्रस्तुत किया है तो वह ऐसे व्यापारी को, कर के अतिरिक्त अर्थदण्ड के रूप में इस प्रकार बचाये गये कर के 50 प्रतिशत से कम नहीं किन्तु 200 प्रतिशत से अनधिक की धनराशि का भुगतान करने हेतु निर्देशित कर सकता है।

व्यापारियों के अन्तिम कर निर्धारण आदेश, वाणिज्य कर अधिकरण के निर्णय एवं अपीलीय प्राधिकारी के आदेश से हमने देखा कि तीन व्यापारियों ने वर्ष 1997–98 से 2003–04 के दौरान ₹ 6.23 करोड़ के विक्रय टर्न ओवर को छिपाया था। क0नि0प्रा0 ने नवम्बर 1998 एवं नवम्बर 2009 के मध्य उनका कर निर्धारण करते समय इस छिपाये गये टर्न ओवर पर ₹ 43.18 लाख व्या0क0 आरोपित किया। यद्यपि कि अधिकरण एवं अपीलीय प्राधिकारी ने इसका अनुमोदन कर दिया था कि व्यापारियों ने अपना टर्नओवर छिपाया था, क0नि0प्रा0 ने ₹ 21.59 लाख का न्यूनतम अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया जैसा कि सारणी में दर्शाया गया है:

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	छिपाया गया टर्नओवर	वस्तु का नाम	छिपाये गये टर्नओवर पर लगाया गया कर	आरोपणीय न्यूनतम अर्थदण्ड
1.	असि0क0 खण्ड–8 आगरा	1	1997-98 (नवम्बर 1998)	25.00	डीजल इंजन स्पेयर्स	1.88	0.94
		1	1998-99 (सितम्बर 2005)	500.00	फुटवियर	38.00	19.00
2.	डि0क0 खण्ड–1 सीतापुर	1	2003-04 (नवम्बर 2009)	97.88	मेन्था आयल एवं दाल	3.30	1.65
	योग	**3**		**622.88**		**43.18**	**21.59**

हमारे द्वारा प्रकरण[14] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि सभी मामलों में ₹ 21.59 लाख का न्यूनतम अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है। हमें इसकी वसूली से सम्बन्धित सूचना प्राप्त नहीं है (फरवरी 2013)।

2.11.3 मिथ्या घोषणा पत्र जारी करने पर अर्थदण्ड का अनारोपण

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा 15ए(1)(एल) के अर्न्तगत कोई व्यापारी जो मिथ्या प्रमाण पत्र या घोषणा पत्र जारी करता है या प्रस्तुत करता है, जिसके कारण कर आरोपणीय नहीं रह जाता तो वह कर के अतिरिक्त ऐसे कर की धनराशि जो बचा ली गयी होती के 50 प्रतिशत से कम नहीं किन्तु 200 प्रतिशत से अनधिक की राशि अर्थदण्ड के रूप में अदा करेगा।

हमने सितम्बर 2010 एवं नवम्बर 2011 के मध्य देखा कि दो व्यापारियों ने मिथ्या घोषणा पत्र जारी अथवा प्रस्तुत किया था जिसके कारण वर्ष 2002–03 तथा 2007–08 (माह दिसम्बर 2007 तक) के मध्य की गयी खरीद अथवा बिक्री पर कर आरोपणीय नहीं रहा, जो कि गणना करने पर ₹ 69.18 लाख आती है। यद्यपि कि क0नि0प्रा0 ने मार्च 2009 एवं मई 2010 के मध्य इन व्यापारियों का कर निर्धारण

[14] मार्च 2011 एवं नवम्बर 2011 के मध्य।

करते समय डि0क0 खण्ड–16 कानपुर के प्रकरण में ₹ 33.32 लाख व्या0क0 आरोपित किया परन्तु ₹ 16.66 लाख अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया। दूसरे प्रकरण में कर ₹ 35.86 लाख एवं न्यूनतम अर्थदण्ड ₹ 17.92 लाख दोनों आरोपित नहीं किया गया। विवरण नीचे दर्शाया गया है:

(₹ लाख में)

क्र0सं0	इकाई का नाम	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	माल का मूल्य	मिथ्या घोषणा पत्र जारी करके बचाया गया कर	आरोपणीय न्यूनतम अर्थदण्ड
1.	डि0क0 खण्ड–8 वा0क0 गाजियाबाद	2006-07 (मार्च 2009)	प्लान्ट मशीनरी एवं इसके भाग	289.52	28.95	14.47
		2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (मार्च 2010)	–तदैव–	76.74	6.91	3.45
2.	डि0क0 खण्ड–16 वा0क0 कानपुर	2002-03 (मई 2010)	पेट्रोलियम आधारित तेल	208.23	33.32	16.66
योग				**574.49**	**69.18**	**34.58**

हमारे द्वारा प्रकरण[15] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि डि0क0 खण्ड–8 गाजियाबाद ने ₹ 35.86 लाख व्या0क0 एवं अधिकतम अर्थदण्ड ₹ 71.72 लाख आरोपित कर दिया है परन्तु माँग पर सितम्बर 2012 में रोक लगा दी गयी है, दूसरे प्रकरण में कार्यवाही की जा रही है। हमें अन्तिम कार्यवाही की स्थिति प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

2.11.4 के0बि0क0 के अन्तर्गत अर्थदण्ड का अनारोपण

के0बि0क0 अधिनियम की धारा 10 एवं 10 ए के अन्तर्गत एक पंजीकृत व्यापारी फार्म 'सी' की घोषणा के आधार पर प्रान्त बाहर से कर की रियायती दर पर कोई माल खरीद सकता है। यदि ऐसा माल के0बि0क0 अधिनियम के अर्न्तगत उसको जारी पंजीयन प्रमाण पत्र से आच्छादित नहीं है अथवा प्रान्त बाहर से कर की रियायती दर पर खरीदे गये माल का प्रयोग उस प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन हेतु करता है जिस हेतु पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया गया है, तो व्यापारी अभियोजन का पात्र होगा। फिर भी यदि क0नि0प्रा0 उचित समझे तो अभियोजन के स्थान पर ऐसे माल की बिक्री पर देय कर के डेढ़ गुने तक का अर्थदण्ड आरोपित कर सकता है।

हमने नवम्बर 2009 एवं जनवरी 2012 के मध्य देखा कि वर्ष 2005–06 एवं 2007–08 के दौरान आठ व्यापारियों ने फार्म 'सी' की घोषणा के आधार पर ₹ 7.21 करोड़ का माल के0बि0क0 की रियायती दर पर खरीदा। ये वस्तुएं उनको के0बि0क0 अधिनियम के अर्न्तगत जारी पंजीयन प्रमाण पत्र से आच्छादित नहीं थीं। क0नि0प्रा0 ने फरवरी 2009 एवं मार्च 2011 के मध्य कर निर्धारण करते समय अभियोजन की अनुशंसा नहीं की और न ही सारणी में दर्शाये गये विवरण के अनुसार ₹ 1.12 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित किया।

[15] नवम्बर 2010 एवं मार्च 2012 के मध्य।

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	खरीद मूल्य	कर की दर (प्रतिशत में)	आरोपणीय अर्थदण्ड
1.	ज्वा0क0 (कार्पो0स0)–बी गौतमबुद्धनगर	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (मार्च 2011)	आफिस बंक हाउस, स्केफोल्डिग	36.77	10	5.52
		1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (फरवरी 2010)	कोटिंग पाउडर, ई0पी0एस0, ई0पी0एस0 रेजिन आदि	493.09	10	73.96
				पेन्ट	40.34	12	7.26
2.	डि0क0 खण्ड–16 कानुपर	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (मार्च 2009)	निर्माण सामग्री	0.27	10	0.04
				पत्थर	4.27	8	0.51
				स्टील स्ट्रक्चर	0.20	4	0.01
3.	डि0क0 खण्ड–21 लखनऊ	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (मार्च 2010)	चेचिस	78.26	12	14.08
4.	डि0क0 खण्ड–2 नोएडा	1	2006-07 (जून 2010)	एलमुनियम सेक्शन	5.92	10	0.89
5.	असि0क0 खण्ड–8 नोएडा	1	2005-06 (अप्रैल 2010)	एअर कन्डीशनर, टाइल्स	10.39	16	2.49
				चैनल, फर्नीचर, आर0ओ0 सिस्टम	6.52	10	0.98
6.	डि0क0 खण्ड–9 नोएडा	1	2006-07 (फरवरी 2009)	सी0पी0आई0, बियरिंग, साल्वेन्ट सीमेन्ट	9.39	10	1.41
7.	डि0क0 खण्ड–11 नोएडा	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (फरवरी 2010)	मशीनरी, डाई, तेल, केमिकल, सी0आई0 कास्टिंग	24.64	10	3.70
				लकड़ी	1.58	16	0.38
				फर्नीचर	0.29	8	0.03
				मशीनरी, डाई (01.04.2007 से 31.12.2007 तक)	1.10	9	0.15
				केमिकल (01.04.2007 से 31.12.2007 तक)	7.65	4	0.46
योग		**8**			**720.68**		**111.87**

हमारे द्वारा इंगित किये जाने पर[16] विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि ₹ 1.05 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है एवं इसमें से ₹ 3.47 लाख की वसूली की जा चुकी है। अन्तिम वसूली की स्थिति हमें प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

[16] अप्रैल 2011 एवं मार्च 2012 के मध्य।

2.11.5 सकर्म संविदा कर को विलम्ब से जमा किये जाने पर अर्थदण्ड का अनारोपण

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा 8डी(6) एवं उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 34(8) के अन्तर्गत ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो किसी संविदाकार को सकर्म संविदा के अनुपालन में किसी माल के स्वामित्व के अन्तरण के लिए देय मूल्यवान प्रतिफल के विरूद्ध किसी दायित्व निर्वहन में भुगतान के लिए उत्तरदायी हो, ऐसी सकर्म के लिए अधिनियम के अर्न्तगत देय धनराशि में से चार प्रतिशत की कटौती करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार काटी जाने वाली राशि की कटौती करने में असफल रहता है या कटौती के उपरान्त इस प्रकार काटी गयी राशि को उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम के अर्न्तगत कटौती किये जाने वाले माह के अगले माह की समाप्ति के पूर्व तथा उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम के अर्न्तगत कटौती किये जाने वाले माह के अगले माह के 20 वें दिन की समाप्ति के पूर्व कोषागार में जमा करने में असफल रहता है तो, क0नि0प्रा0 ऐसे व्यक्ति को अर्थदण्ड के रूप में इस प्रकार काटी गयी धनराशि के दो गुने से अनधिक राशि का भुगतान करने का निर्देश दे सकता है।

हमने मार्च 2011 एवं दिसम्बर 2011 के मध्य 11 वा0क0का0[17] के कर निर्धारण आदेशों में देखा कि 13 व्यापारियों ने वर्ष 2007–08 एवं 2008–09 के दौरान संविदाकारों को भुगतान करते समय स्रोत पर ₹ 68.07 लाख के सकर्म संविदा कर की कटौती की परन्तु उसे निर्धारित समयावधि के अन्दर शासकीय कोषागार में जमा नहीं किया। विलम्ब की अवधि पाँच दिन से लेकर 311 दिनों तक की थी। क0नि0प्रा0 ने दिसम्बर 2009 एवं मार्च 2011 के मध्य कर निर्धारण करते समय 13 प्रकरणों में ₹ 1.36 करोड़ का अधिकतम अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया जैसा कि **परिशिष्ट– V** में दर्शाया गया है।

हमारे द्वारा प्रकरण[18] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि 12 मामलों में ₹ 1.34 करोड़ अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है जिसमें से ₹ 1.78 लाख की वसूली की जा चुकी है। अवशेष मामले का उत्तर हमें प्राप्त नहीं है (फरवरी 2013)।

---

[17] डि0क0 खण्ड–11 आगरा, डि0क0 खण्ड–16 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–18 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–17 कानपुर, असि0क0 खण्ड–7 मुजफ्फरनगर, डि0क0 खण्ड–2 नोएडा, डि0क0 खण्ड–9 नोएडा(तीन मामले), डि0क0 पलियांकला, असि0क0 खण्ड–12 सहारनपुर, असि0क0 खण्ड–1 शामली एवं डि0क0 खण्ड–14 वाराणसी।

[18] अप्रैल 2011 एवं जून 2012 के मध्य।

2.11.6 कर को विलम्ब से जमा किये जाने पर ब्याज का प्रभारित न किया जाना

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा 8(1) एवं उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 33(2) के अर्न्तगत व्यापारी द्वारा देय स्वीकृत कर को निर्धारित समयावधि के अन्दर जमा करना होगा, ऐसा करने में असफल रहने पर साधारण दर से ब्याज देय होगा एवं अदेय धनराशि पर ऐसी धनराशि को जमा किये जाने के लिए निर्धारित अन्तिम तिथि के अगले दिन से लेकर धनराशि के जमा किये जाने की तिथि तक 11 अगस्त 2004 तक दो प्रतिशत प्रति माह, 31 दिसम्बर 2007 तक 14 प्रतिशत प्रति वर्ष एवं उसके पश्चात 1.25 प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज देय होगा।

हमने नौ वा0क0का0 [19] में फरवरी 2011 एवं जनवरी 2012 के मध्य देखा कि नौ व्यापारियों ने, जिनका वर्ष 1980–81 से 2007–08 के लिए कर निर्धारण अक्टूबर 2009 एवं जनवरी 2011 के मध्य किया गया था, ने अपने स्वीकृत कर ₹ 62.33 लाख को 465 से लेकर 10,987 दिनों तक के विलम्ब से जमा किया था। क0नि0प्रा0 ने किसी भी प्रकरण में विलम्ब से कर जमा करने पर ब्याज के भुगतान हेतु नोटिस जारी नहीं किया। स्वीकृत कर विलम्ब से जमा करने पर ₹ 62.52 लाख के ब्याज की देयता आकृष्ट होती थी जिसे क0नि0प्रा0 ने प्रभारित नहीं किया।

हमारे द्वारा प्रकरण[20] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि सभी मामलों में ₹ 61.55 लाख का ब्याज प्रभारित कर दिया गया है एवं इसमें से ₹ 8.69 लाख की वसूली की जा चुकी है। अवशेष मामलों में वसूली की स्थिति हमें प्राप्त नहीं है (फरवरी 2013)।

---

[19] ज्वा0क0(कार्पो0स0) आगरा, डि0क0 खण्ड–18 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–5 कानपुर, डि0क0 खण्ड–3 मथुरा, असि0क0 खण्ड–5 नोएडा, डि0क0 खण्ड–12 नोएडा, डि0क0 खण्ड–14 नोएडा, असि0क0 खण्ड–2 रामपुर एवं डि0क0 खण्ड–4 सोनभद्र।

[20] मार्च 2011 एवं मई 2012 के मध्य।

2.11.7 कर का गलत समायोजन किये जाने पर अर्थदण्ड का अनारोपण

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 43(1) के अर्न्तगत यदि किसी व्यापारी द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध किसी व्यक्ति से माल के क्रय या विक्रय पर कर के रूप में तात्पर्यित कोई धनराशि वसूल की गयी हो, वहाँ ऐसा व्यापारी इस प्रकार वसूल की गयी सम्पूर्ण धनराशि को निर्धारित रीति से एवं निर्धारित समयावधि के भीतर जमा करेगा। उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54(1)(16) के अर्न्तगत यदि कोई व्यापारी इस अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध कोई धनराशि कर के रूप में वसूल करता है, तो वह ऐसे वसूले गये कर की धनराशि के तीन गुने अर्थदण्ड का दायी होगा। अग्रेतर, उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 25 के अर्न्तगत जहाँ किसी कर निर्धारण वर्ष की किसी कर अवधि के सम्बन्ध में क0नि0प्रा0 द्वारा विवरणी के प्रारम्भिक परीक्षण से यह प्रकट होता हो कि विवरणी में प्रदर्शित संगणना दोर्षपूर्ण है या दावाकृत इनपुट टैक्स क्रेडिट की धनराशि या प्रदर्शित देय कर की धनराशि गलत है, वहाँ क0नि0प्रा0 ऐसी जांच करने के पश्चात जो वह उचित समझे और व्यापारी को सुनवायी का युक्ति युक्त अवसर देने के पश्चात किसी अन्य मामले में कर की देय धनराशि और इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमन्य धनराशि का अवधारण, ऐसी कर अवधि के लिए, कर निर्धारण का अनन्तिम आदेश पारित करके कर सकता है।

हमने नवम्बर 2011 में डिप्टी कमिश्नर खण्ड–16 कानपुर के कार्यालय में पंजीकृत व्यापारियों के कर निर्धारण आदेश एवं सम्बन्धित पत्रावलियों की जांच के दौरान देखा कि एक व्यापारी ने जनवरी 2008 में माल की बिक्री पर ₹ 2.79 लाख अधिक मू0सं0क0 वसूल किया एवं इसे देय समय के अर्न्तगत कोषागार में जमा कर दिया। अग्रेतर, व्यापारी ने इसे माह फरवरी 2008 के देय कर में गलत ढ़ंग से समायोजित कर दिया। धारा 43 की उप धारा 2, 3 एवं 4 के प्रावधानों के अनुसार कोई धनराशि जो कर के रूप में देय नहीं है एवं व्यापारी द्वारा जमा कर दी गयी हो, राज्य सरकार द्वारा ऐसे व्यक्ति के वास्ते जिस पर माल के क्रय या विक्रय के सम्बन्ध में ऐसी अधिक धनराशि अन्ततः प्रभारित की गयी है, को धरोहर के रूप में रखा जायेगा एवं मांगे जाने पर ऐसे व्यक्ति को निर्धारित रीति से वापस किया जायेगा जिस पर ऐसी धनराशि का दायित्व अन्ततः पारित किया गया हो।

फरवरी 2011 में कर निर्धारण करते समय क0नि0प्रा0 ने इन प्रावधानों की अवहेलना करते हुए व्यापारी द्वारा त्रुटिपूर्ण ढ़ंग से अर्जित एवं समायोजित किये गये ₹ 2.79 लाख के कर को अस्वीकार नहीं किया एवं धारा 54(1)(16) के प्रावधानों के अनुसार ₹ 8.37 लाख का अर्थदण्ड भी आरोपित नहीं किया।

हमारे द्वारा प्रकरण[21] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि ₹ 8.37 लाख अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है एवं ₹ 2.79 लाख की आई0टी0सी0 उत्क्रमित कर दी गयी है। हमें वसूली के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

[21] जनवरी 2012 में।

2.12 विभिन्न घोषणा पत्रों पर अनियमित करमुक्ति/कर छूट

2.12.1 फार्म 'सी' के विरूद्ध अनियमित कर मुक्ति/कर छूट

केन्द्रीय बिक्री कर (पंजीकरण एवं आवर्त) नियमावली, 1957 के नियम 12(1) के अन्तर्गत एक फार्म 'सी' पर की गयी घोषणा में बिक्री सम्बन्धी वे सभी संव्यवहार आच्छादित होंगे जो वित्तीय वर्ष के एक त्रैमास के दौरान उन्हीं दो व्यापारियों के बीच होते हैं।

हमने अक्टूबर 2010 एवं मार्च 2011 के मध्य देखा कि छः व्यापारियों ने वर्ष 2006–07 एवं 2007–08 (दिसम्बर 2007 तक) के मध्य 12 फार्म 'सी' से समर्थित ₹ 4.29 करोड़ के माल की बिक्री रियायती दर पर की। इनमें एक त्रैमाास से ज्यादा के संव्यवहार आच्छादित थे एवं नियम के प्रावधानों के अनुसार एक ही फार्म 'सी' से आच्छादित एक से अधिक त्रैमास के संव्यवहार पर रियायती दर का किया गया दावा रियायत के योग्य नहीं था। फरवरी 2009 एवं मार्च 2010 के मध्य कर निर्धारण करते समय क0नि0प्रा0 ने नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए एक त्रैमाास से अधिक के संव्यवहारों पर भी रियायती दर से के0बि0क0 आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 7.45 लाख के कर की अनियमित छूट प्रदान की गयी जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	आपत्तिगत प्रपत्र से अच्छादित माल का कुल मूल्य	व्यापारी को लाभप्रद त्रैमास के संव्यवहार को अनुमन्य करने के पश्चात अच्छादित संव्यवहार की धनराशि	आरोपणीय कर की दर (प्रतिशत में)	आरोपित कर की दर (प्रतिशत में)	कर की दर में अन्तर	व्यापारियों को अनुमन्य की गयी अनियमित छूट
1.	डि0क0 खण्ड–8 बरेली	1	2006-07 (फरवरी 2009)	मेन्था आयल	115.73	8.91	10	4	6	0.53
2.	डि0क0 खण्ड–3 फतेहगढ़	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (दिसम्बर 2009)	तम्बाकू	47.45	7.47	32.5	3	29.5	2.20
3.	डि0क0 खण्ड–9 हरदोई	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (दिसम्बर 2009)	गेहूँ	91.39	34.42	4	0	4	1.38
4.	डि0क0 खण्ड–1 ललितपुर	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (जनवरी 2010)	गेहूँ, ज्वार	12.58	4.99	4	0	4	0.20
			–तदैव–	दाल	80.13	29.29	2	0	2	0.59
5.	ज्वा0क0 (कार्पो0स0) –ए नोएडा	1	2006-07 (मार्च 2009)	इलेक्ट्रानिक वस्तुए,स्क्रैप, मशीनरी	53.15	12.77	10	4	6	0.77
6.	डि0क0 खण्ड–1 सिद्धार्थनगर	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (मार्च 2010)	टिम्बर	28.93	13.66	16	3	13	1.78
योग		**6**			**429.36**	**111.51**				**7.45**

हमारे द्वारा प्रकरण[22] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि ₹ 6.13 लाख के0बि0क0 आरोपित[23] कर दिया गया है, इसमें से ₹ 77,000 की वसूली[24] की जा चुकी है एवं अन्य मामलों में कार्यवाही जारी है। अन्तिम कार्यवाही की स्थिति हमें प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

[22] नवम्बर 2010 एवं अप्रैल 2012 के मध्य।
[23] क्रम संख्या 2, 3, 5 एवं 6 के सम्बन्ध में।
[24] क्रम संख्या 5 के सम्बन्ध में।

2.12.2 फार्म 'एफ' के विरूद्ध अनियमित कर मुक्ति/कर छूट

केन्द्रीय बिक्री कर (पंजीकरण एवं आवर्त) नियमावली, 1957 के नियम 12(5) के अन्तर्गत किसी व्यापारी द्वारा एक कैलेण्डर मास की अवधि के दौरान, यथास्थिति, अपने कारोबार के किसी अन्य स्थान को या अपने एजेन्ट या मालिक को किया गया माल का अन्तरण एक ही फार्म 'एफ' पर की गयी घोषणा में सम्मिलित किया जा सकेगा।

हमने दिसम्बर 2008 एवं दिसम्बर 2011 के मध्य देखा कि पाँच व्यापारियों ने वर्ष 2005–06 एवं 2007–08 के दौरान 12 फार्म 'एफ' से समर्थित ₹ 68.22 करोड़ का माल राज्य के बाहर हस्तान्तरित किया। इनमें एक माह से ज्यादा के संव्यवहार आच्छादित थे एवं नियम के प्रावधानों के अनुसार एक ही फार्म 'एफ' पर एक माह से ज्यादा के आच्छादित संव्यवहार एवं छूट के दावे, छूट के लिए अनुमन्य नहीं थे। क0नि0प्रा0 ने जुलाई 2007 एवं जनवरी 2011 के मध्य कर निर्धारण करते समय नियमों का उल्लंघन करते हुए एक ही फार्म 'एफ' पर एक माह से अधिक के संव्यवहार को मान्यता प्रदान की। इसके परिणामस्वरूप ₹ 30.54 करोड़ के संव्यवहार पर ₹ 2.67 करोड़ के के0बि0क0 की अनियमित छूट दी गयी जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	आपत्तिगत प्रपत्र से अच्छादित माल का कुल मूल्य	व्यापारी को लाभप्रद माह के संव्यवहार को अनुमन्य करने के पश्चात अच्छादित संव्यवहार की धनराशि	आरोपणीय कर की दर (प्रतिशत में)	व्यापारियों को अनुमन्य की गयी अनियमित छूट
1.	असि0क0 खण्ड–2 बाराबंकी	1	2005-06 (जुलाई 2007)	मेन्था आयल	2,955.80	1,184.38	10	118.40
2.	डि0क0 खण्ड–28 कानपुर	1	2005-06 (दिसम्बर 2009)	डिटर्जेन्ट पाउडर	26.66	2.52	10	0.25
3.	डि0क0 कोसीकलाँ	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (जनवरी 2011)	लकड़ी के अपरिष्कृत फर्नीचर	139.04	74.03	8	5.92
4.	डि0क0 खण्ड–20 लखनऊ	1	2006-07 (फरवरी 2009)	चावल	3,660.39	1,770.12	8	141.61
5.	ज्वा0क0 (कार्पो0स0) मुरादाबाद	1	2007-08 (मू0सं0क0) (दिसम्बर 2009)	पैकिंग मैटेरियल	40.24	22.75	4	0.91
	योग	**5**			**6,822.13**	**3,053.80**		**267.09**

हमारे द्वारा प्रकरण[25] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि ₹ 2.66 करोड़ के0बि0क0 आरोपित[26] कर दिया गया है जिसमें से ₹ 25,000 की वसूली[27] की जा चुकी है एवं अवशेष मामले में कार्यवाही की जा रही है। अन्तिम कार्यवाही की स्थिति हमें प्राप्त नहीं हैं (फरवरी 2013)।

[25] जनवरी 2009 एवं दिसम्बर 2011 के मध्य।
[26] क्रम संख्या 1, 2, 3, एवं 4 के प्रकरण में ।
[27] क्रम संख्या 2 के प्रकरण में।

2.12.3 कालबाधित घोषणा पत्र पर दी गयी कर छूट

उ0प्र0व्या0क0 नियमावली के नियम 25–ख(1) के अन्तर्गत यदि मान्यता प्रमाण पत्र रखने वाला कोई व्यापारी किसी विज्ञापित माल का निर्माण करने के प्रयोजन से कच्चे माल के रूप में प्रयोग करने के लिए कोई माल खरीदे और छूट लेने का इच्छुक हो तो वह विक्रेता व्यापारी को प्रपत्र III–ख में एक प्रमाण पत्र देगा एवं नियम 25–ख(3) के अन्तर्गत व्यापारी को किसी वित्तीय वर्ष में जारी एक प्रपत्र III–ख की घोषणा उस वित्तीय वर्ष एवं उससे आगे एवं पीछे के दो वित्तीय वर्षों के दौरान की गयी खरीद एवं बिक्री के संव्यवहार के लिए वैध होगी।

हमने नौ वा0क0का0[28] में जनवरी 2011 एवं मई 2011 के मध्य देखा कि नौ व्यापारियों ने वर्ष 2004–05 एवं 2007–08 (दिसम्बर 2007 तक) के मध्य प्रपत्र III–ख'[29] के विरूद्ध ₹ 8.83 करोड़ के माल की रियायती दर पर बिक्री की। व्यापारियों द्वारा संव्यवहार के लिए प्रयोग किये गये 50 घोषणा पत्र कालबाधित थे एवं व्या0क0 की रियायती दर के लिए अनुमन्य नहीं थे। फिर भी क0नि0प्रा0 ने कर निर्धारण करते समय रियायती दर से व्या0क0 आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 40.85 लाख की अनियमित छूट प्रदान की गयी।

हमारे द्वारा प्रकरण को अप्रैल 2011 एवं दिसम्बर 2011 के मध्य प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि सभी मामलों में ₹ 40.80 लाख व्या0क0 आरोपित कर दिया गया है एवं इसमें से ₹ 83,000 की वसूली की जा चुकी है।

[28] डि0क0 खण्ड–4 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–4 गाजियाबाद, डि0क0 खण्ड–4 हरदोई, डि0क0 खण्ड–5 कानपुर, डि0क0 खण्ड–30 कानपुर, डि0क0 खण्ड–2 खतौली, डि0क0 मोदीनगर, डि0क0 खण्ड–7 मुजफ्फरनगर एवं डि0क0 खण्ड–3 रायबरेली।

[29] कुछ निश्चित निर्माताओ को विशेष राहत उपलब्ध कराने के लिए वाणिज्य कर विभाग द्वारा उन्हे प्रपत्र III–ख जारी किया जाता है। इसे दूसरे व्यापारी को जारी करके वे कर की रियायती दर अथवा पूर्ण करमुक्ति अथवा आंशिक करमुक्ति पर माल खरीद सकते हैं।

2.12. 4 घोषणा पत्र पर प्रावधानित मौद्रिक सीमा से अधिक के संव्यवहार पर अनियमित कर छूट

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा 3–छ (1) के अन्तर्गत, केन्द्रीय सरकार के या किसी राज्य सरकार के किसी विभाग को या किसी केन्द्रीय अधिनियम या उ0प्र0 के किसी अधिनियम के द्वारा स्थापित या गठित निगम या सरकारी उपक्रम को बेचे गये माल के विक्रय धन पर यदि व्यापारी ऐसे विभाग से प्राप्त प्रपत्र III घ या III घ(1) में प्रमाण पत्र कर निर्धारण अधिकारी को प्रस्तुत करे तो केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) में तत्समय विनिर्दिष्ट दर पर या ऐसी दर पर जैसा राज्य सरकार विज्ञप्ति द्वारा किसी बिक्री के सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट करे, कर लगाया और दिया जायेगा। उ0प्र0व्या0क0 नियमावली के नियम 12–ग(3) के प्रावधानों के अनुसार प्रपत्र III घ एवं III घ(1) में की गयी कोई भी एकल घोषणा एक कर निर्धारण वर्ष एवं ₹ 5 लाख से अधिक के क्रय या विक्रय के संव्यवहार को आच्छादित नहीं करेगी।
उ0प्र0व्या0क0 नियमावली के नियम 12–ग(8) के अनुसार एक घोषणा पत्र पर नियम 12–क के उप नियम(3) से (6) एवं (10) से (20) के प्रावधान लागू होंगे।

हमने मई 2011 एवं सितम्बर 2011 के मध्य देखा कि छः व्यापारियों ने वर्ष 2005–06 एवं 2007–08 (दिसम्बर 2007 तक) के मध्य 19 प्रपत्र III घ एवं प्रपत्र III घ(1) [30] के विरूद्ध ₹ 7.07 करोड़ का माल रियायती दर पर बेचा। चूँकि प्रत्येक प्रपत्र III घ एवं III घ(1) पर ₹ 5 लाख से ज्यादा का संव्यवहार आच्छादित था अतः वे व्या0क0 की रियायत के योग्य नहीं थे। क0नि0प्रा0 ने दिसम्बर 2009 एवं दिसम्बर 2010 के मध्य कर निर्धारण करते समय त्रुटिपूर्ण रूप से प्रत्येक प्रपत्र पर ₹ 5 लाख से अधिक के संव्यवहार पर भी रियायती दर से करारोपण किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 38.38 लाख की अनियमित कर छूट प्रदान की गयी जैसा कि सारणी में दर्शाया गया है:

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	प्रति प्रपत्र अनुमन्य ₹ पॉच लाख घटाने के पश्चात आच्छादित संव्यवहार	आरोपणीय कर की दर (प्रतिशत में)	आरोपित कर की दर (प्रतिशत में)	व्यापारियों को अनुमन्य की गयी अनियमित छूट
1.	असि0क0 खण्ड–2 बुलन्दशहर	1	2005-06 (जनवरी 2010)	रोड़ी बदरपुर	2.63	8	4	0.11
			2006-07 (जनवरी 2010)	–तदैव–	20.32	8	4	0.81
2.	डि0क0 खण्ड–1 देवरिया	1	2005-06 (नवम्बर 2010)	पत्थर एवं गिट्टी	30.51	8	4	1.22
			2006-07 (जुलाई 2010)	–तदैव–	46.56	8	4	1.86
			2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (जुलाई 2010)	–तदैव–	10.90	8	4	0.43

[30] केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी विभाग को या किसी केन्द्रीय अधिनियम या उत्तर प्रदेश के किसी अधिनियाम द्वारा या अधीन स्थापित या गठित निगम या उपक्रम को या किसी सरकारी कम्पनी को कर की विशेष राहत प्रदान करने के लिए वाणिज्य कर विभाग द्वारा प्रपत्र III घ या III घ (1) की सुविधा प्रदान की गयी है।

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	प्रति प्रपत्र अनुमन्य ₹ पॉच लाख घटाने के पश्चात आच्छादित संव्यवहार	आरोपणीय कर की दर (प्रतिशत में)	आरोपित कर की दर (प्रतिशत में)	व्यापारियों को अनुमन्य की गयी अनियमित छूट
3.	डि0क0 खण्ड–6 कानपुर	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (दिसम्बर 2009)	डीजल लोकोमोटिव मशीनरी	575.50	9	4	28.77
4.	डि0क0 कोसीकलॉ	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (अक्टूबर 2010)	बिटुमिन	16.98	20	4	2.72
5.	डि0क0 खण्ड–8 लखनऊ	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (दिसम्बर 2009)	इलेक्ट्रानिक वस्तुऍ	17.05	10	4	1.02
6.	असि0क0 खण्ड–2 रामपुर	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (दिसम्बर 2010)	इन्टरलाकिंग ब्लाक	97.96	10	4	5.87
	योग	**6**			**707.49**			**38.38**

हमारे द्वारा प्रकरण[31] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि क्र0सं0 1, 3, एवं 4 के मामले में ₹ 32.41 लाख व्या0क0 आरोपित कर दिया गया है। क्र0सं0 2, 5 एवं 6 के मामले में विभाग ने आगे बताया कि बिक्री सरकारी उपक्रम को की गयी है जिनका टर्न ओवर ₹ 5 करोड़ से अधिक है एवं उ0प्र0व्या0क0 नियमावली के नियम 12–क(7)(i) के अन्तर्गत एकल घोषणा पत्र पर ₹ 5 लाख की मौद्रिक सीमा लागू नहीं होती है। हम उत्तर से सहमत नहीं हैं क्योंकि उ0प्र0व्या0क0 नियमावली के नियम 12–ग(8) के अन्तर्गत नियम 12–क के उप नियम (3) से (6) एवं (10) से (20) के प्रावधान ही एक घोषणा पत्र पर लागू होते है न कि नियम 12–क के उप नियम (7) के प्रावधान।

2.13 प्रवेश कर का अनारोपण

उ0प्र0 माल के प्रवेश पर कर अधिनियम 2001 की धारा 4 के अन्तर्गत शासन द्वारा समय–समय पर अधिसूचित कर की दरों की अनुसूची के अनुसार माल के मूल्य पर प्रवेश कर आरोपणीय है।

हमने फरवरी 2010 एवं जनवरी 2012 के मध्य देखा कि वर्ष 2004–05 से 2007–08 के दौरान सात व्यापारियों ने ₹ 32.70 करोड़ के मूल्य का माल स्थानीय क्षेत्र के बाहर से खरीदा। क0नि0प्रा0 ने अक्टूबर 2008 एवं मार्च 2011 के मध्य कर निर्धारण करते समय ₹ 1.56 करोड़ का प्रवेश कर आरोपित नहीं किया जैसा कि नीचे वर्णित है:

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	कर योग्य टर्नओवर	आरोपणीय कर की दर (प्रतिशत में)	आरोपित नही की गयी कर की धनराशि
1.	डि0क0 खण्ड–2 चॉदपुर, बिजनौर	1	2005-06 (अक्टूबर 2008)	एल0डी0ओ0	65.01	5	3.25
		1	2007-08 (मार्च 2010)	मशीनरी	25.01	2	0.50
2.	डि0क0 खण्ड–3 इटावा,	1	2004-05 (मार्च 2009)	फर्नेश आयल, एच0एस0डी0 एवं बिटुमिन	151.95	5	7.60
			2006-07 (मार्च 2009)	–तदैव–	1,473.61	5	73.68

[31] मई 2011 एवं दिसम्बर 2011 के मध्य।

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	कर योग्य टर्नओवर	आरोपणीय कर की दर (प्रतिशत में)	आरोपित नही की गयी कर की धनराशि
3.	असि0क0 खण्ड–17 गाजियाबाद	1	2007-08 (जनवरी 2010)	प्राकृतिक गैस	12.58	5	0.63
4.	डि0क0 खण्ड–6 कानपुर	1	2007-08 (मार्च 2011)	परिष्कृत चमड़ा	236.68	2	4.73
5.	डि0क0 खण्ड–18 कानपुर	1	2007-08 (मार्च 2010)	फर्नेश आयल	68.02	5	3.40
6.	ज्वा0क0 (कार्पो0स0) नोएडा	1	2007-08 (मार्च 2010)	फर्नेश आयल	1,237.10	5	61.86
योग		**7**			**3,269.96**		**155.65**

हमारे द्वारा प्रकरण[32] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि चार मामलों[33] में ₹ 85.66 लाख का प्रवेश कर आरोपित कर दिया गया है एवं अवशेष मामलों में कार्यवाही की जा रही है। अन्तिम कार्यवाही की स्थिति हमें अभी प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

2.14 राज्य विकास कर का अनारोपण

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा 3–ज सपठित कमिश्नर के परिपत्र दिनांक 3 मई 2005 प्रभावी दिनांक 1 मई 2005 के अन्तर्गत ₹ 50 लाख से अधिक समेकित वार्षिक टर्न ओवर वाले व्यापारियों के कर योग्य टर्नओवर पर एक प्रतिशत की दर से राज्य विकास कर (रा0वि0क0) आरोपणीय होगा। इस अधिनियम के किसी भी प्रावधान के अन्तर्गत देय कर के अतिरिक्त रा0वि0क0 वसूल किया जायेगा।

हमने मार्च 2010 एवं अगस्त 2011 के मध्य देखा कि 10 व्यापारियों के मामलों में जिनका समेकित वार्षिक टर्नओवर ₹ 50 लाख से अधिक था, क0नि0प्रा0 ने जनवरी 2009 से जनवरी 2011 के मध्य वर्ष 2005–06, 2006–07 एवं 2007–08 (दिसम्बर 2007 तक) के लिए कर निर्धारण करते समय ₹ 16.72 करोड़ के कर योग्य टर्नओवर पर रा0वि0क0 आरोपित नहीं किया। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप ₹ 16.72 लाख रा0वि0क0 अनारोपित रहा, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	कर योग्य टर्नओवर	आरोपणीय राज्य विकास कर
1.	असि0क0 खण्ड–4 गाजियाबाद	1	2006-07 (जून 2010)	80.26	0.80
2.	डि0क0 खण्ड–18, गाजियाबाद	1	2006-07 (फरवरी 2010)	140.64	1.41
			2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (मार्च 2010)	20.45	0.20
3.	डि0क0 खण्ड–8, कानपुर	1	2006-07 (अक्टूबर 2010)	96.47	0.97
			2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (जनवरी 2011)	39.79	0.40
4.	डि0क0 खण्ड–30 कानपुर	1	2005-06 (जनवरी 2009)	44.28	0.44

[32] फरवरी 2010 एवं फरवरी 2012 के मध्य।
[33] क्रम संख्या 1, 2 एवं 3 ।

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	कर योग्य टर्नओवर	आरोपणीय राज्य विकास कर
5.	डि0क0 मोदीनगर	1	2006-07 (मार्च 2009)	53.27	0.53
		1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (मार्च 2010)	127.67	1.28
6.	असि0क0 खण्ड–3 नोएडा	1	2005-06 (जुलाई 2010)	163.83	1.64
			2006-07 (जुलाई 2010)	111.43	1.11
		1	2005-06 (अप्रैल 2010)	31.58	0.32
			2006-07 (अप्रैल 2010)	68.71	0.69
7.	डि0क0 खण्ड–3 रायबरेली	1	2005-06 (मार्च 2009)	110.33	1.10
8.	डि0क0 खण्ड–12 सहारनपुर	1	2007-08 (उ0प्र0व्या0क0) (अक्टूबर 2009)	583.13	5.83
	योग	**10**		**1,671.84**	**16.72**

हमारे द्वारा प्रकरण[34] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि ₹ 15.12 लाख रा0वि0क0 आरोपित कर दिया गया है, इसमें से ₹ 12.78 लाख की वसूली की जा चुकी है एवं अवशेष प्रकरण[35] में कार्यवाही प्रक्रिया में है। अन्तिम कार्यवाही की स्थिति हमें प्राप्त नहीं हुयी है (फरवरी 2013)।

2.15 पंजीयन/मान्यता प्रमाण पत्र की अनियमित स्वीकृति

2.15.1 केन्द्रीय पंजीयन प्रमाण पत्र में सीमेन्ट की खरीद के लिए अनियमित रूप से अधिकृत किया जाना

के0बि0क0 अधिनियम की धारा 7(3) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति जो दूसरे राज्य से कर की रियायति दर से माल खरीदने के लिए अभिप्रेत हो, वह इस अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन के लिए आवेदन करेगा। पंजीयन प्राधिकारी आवेदनकर्ता का पंजीयन करेगा एवं विहित प्रारूप में उसे पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान करेगा जिसमें उस वर्ग या वर्गों के माल को निविर्दिष्ट करेगा जो उसके द्वारा, पुनः विक्रय के लिए या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त बनाये गये नियमों के अधीन रहते हुए उसके द्वारा विक्रयार्थ माल के विनिर्माण या प्रसंस्करण में या दूरसंचार नेटवर्क में या खनन में या बिजली या किसी अन्य प्रकार की शक्ति के लिए उत्पादन या वितरण में उपयोग में लाये जाने के लिए आशयित है।

पुनश्चः, कमिश्नर, वाणिज्य कर (क0वा0क0) ने सभी कर निर्धारण अधिकारियों को परिपत्र सं0–17 दिनांक 4 दिसम्बर 1992 द्वारा यह निर्देशित किया था कि निर्माताओं/व्यापारियों को भवन निर्माण के लिए सीमेन्ट एवं अन्य भवन निर्माण सामग्रियों की फार्म 'सी' से खरीद की सुविधा प्रदान नहीं की जायेगी।

हमने ज्वाइण्ट कमिश्नर (का0स0) वाणिज्य कर लखनऊ के अभिलेखों की जाँच (अक्टूबर 2011) के दौरान देखा कि एक व्यापारी[36] को जुलाई 2003 में कच्चे माल की खरीद हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रमाण पत्र (के0पं0प्र0प0) प्रदान किया गया था, जिसमें सभी प्रकार की भवन निर्माण सामग्री भी शामिल थी। के0पं0प्र0प0 में इस गलत माल के शामिल होने के आधार पर व्यापारी ने वर्ष 2006–07 एवं 2007–08 के

[34] मई 2010 एवं सितम्बर 2011 के मध्य।
[35] क्रम संख्या 3।
[36] बजाज हिन्दुस्तान लिमिटेड।

दौरान ₹ 1.52 करोड़ के सीमेन्ट की खरीद की एवं इसे मशीन की नींव/भवन निर्माण में प्रयोग किया। उसने इस खरीद पर के0बि0क0 की रियायती दर (2006–07 में चार प्रतिशत एवं 2007–08 में तीन प्रतिशत) का दावा किया।

व्यापारी गन्ने[37] से चीनी, शीरा एवं खोई के निर्माता थे एवं सीमेन्ट उपरोक्त वस्तुओं के निर्माण के लिए कच्चा माल नहीं है। निर्माताओं के लिए फार्म 'सी' की सुविधा सिर्फ उन माल को क्रय करने के लिए है जिनका उपयोग उस माल के विनिर्माण या प्रसंस्करण में किया जाये जो बेचने के उद्देश्य से हो। क0नि0प्रा0 द्वारा के0पं0प्र0प0 में सीमेन्ट की खरीद के लिए अधिकृत किया जाना अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध होने के साथ ही साथ क0वा0क0 के आदेशों के विरूद्ध भी था। क0नि0प्रा0 ने वर्ष 2007–08 के लिए क0नि0आ0 पारित करते समय इस त्रुटि को संज्ञान में नही लिया। क0नि0प्रा0 की इस त्रुटि के फलस्वरूप व्यापारी को ₹ 12.21 लाख का अनुचित लाभ मिला।

हमारे द्वारा प्रकरण को जनवरी 2012 में प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (नवम्बर 2012) कि ₹ 28.47 लाख का अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है तथा के0पं0प्र0प0 से सीमन्ट के निरसन के लिए नोटिस जारी कर दी गयी है।

2.15.2 मान्यता प्रमाण पत्र की अनियमित स्वीकृति

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा 4 ख के अन्तर्गत दिनांक 21 मई 1994 को जारी शासकीय विज्ञप्ति के अनुसार निर्माता को किसी माल के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कच्चा माल, प्रसंस्करण सामग्री, उपभोज्य भण्डार, यन्त्र, संयन्त्र, उपकरण, अतिरिक्त पुरजा, एसेसरीज, कम्पोनेन्ट, ईंधन या स्नेहक की खरीद पर कर की विशेष राहत प्राप्त है।

हमने जनवरी 2011 में दो वाणिज्य कर कार्यालयों के व्यापारियों के कर निर्धारण आदेश एवं सम्बन्धित पत्रावलियों की जांच करते हुए देखा कि दो व्यापारियों जिनके द्वारा एम0एस0 राड को एम0एस0 वायर में ड्राइंग विधि द्वारा परिवर्तित किया जाता था, को कच्चे माल की रियायती दर से खरीद करने हेतु मान्यता प्रमाण पत्र जारी किया गया था। यह न्यायिक रूप से निर्णीत[38] हो चुका है कि एम0एस0 राड से एम0एस0 वायर बनाना निर्माण की श्रेणी में नहीं आता है। चूँकि व्यापारी किसी भी निर्माण प्रक्रिया में शामिल नहीं थे अतः वे वर्ष 2005–06 से 2007–08 के दौरान की गयी ₹ 8.95 करोड़ के कच्चे माल की खरीद पर व्या0क0 की रियायती दर के हकदार नहीं थे। इसके परिणामस्वरूप मान्यता प्रमाण पत्र की अनियमित स्वीकृति एवं ₹ 17.89 लाख की राजस्व क्षति हुयी जैसा कि सारणी में दर्शाया गया है:

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	वस्तु का नाम	प्रपत्र से आच्छादित माल का मूल्य	आरोपणीय कर की दर (प्रतिशत में)	आरोपित कर की दर (प्रतिशत में)	कम आरोपित कर
1.	असि0क0 खण्ड–4 वा0क0 इलाहाबाद	1	2005-06 (अगस्त 2008)	वायर राड	336.06	4	2	6.72
2.	डि0क0 खण्ड–14 वा0क0 इलाहाबाद	1	2006-07 (मार्च 2009)	–तदैव–	306.96	4	2	6.13
			2007-08 (जनवरी 2010)	–तदैव–	252.12	4	2	5.04
	योग	**2**			**895.14**			**17.89**

[37] दिनांक 27 मार्च 2010 के क0नि0आ0 के अनुसार।

[38] क0व्या0क0 बनाम डीसेन्ट इण्डस्ट्रीज एस0टी0आई0 2005 उच्च न्यायालय इलाहाबाद 205 : 2005 एन0टी0एन0–II (वाल्यूम–26) 202 उच्च न्यायालय इलाहाबाद।

हमारे द्वारा प्रकरण[39] को प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2012) कि क्र0सं0–2 के प्रकरण में ₹ 11.18 लाख का व्या0क0 आरोपित कर दिया गया है एवं दूसरे प्रकरण में कार्यवाही की जा रही है। अन्तिम कार्यवाही की स्थिति हमें प्राप्त नहीं है (फरवरी 2013)।

2.16 इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने से सम्बन्धित अनियमितताएं

उत्तर प्रदेश में 1 जनवरी 2008 से वैट की शुरूआत के साथ ही विभाग में पंजीकृत व्यापारी, उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 13 के अन्तर्गत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आई0टी0सी0) का दावा करने के पात्र बन गये। यह सुनिश्चित करने के लिए कि व्यापारियों द्वारा किये गये आई0टी0सी0 के दावे सही हैं विभिन्न प्रपत्र निर्धारित किये गये है एवं विभाग ने आई0टी0सी0 का डाटाबेस बनाये रखने, आई0टी0सी0 के दावों का सत्यापन करने आदि के लिए क0नि0प्रा0 को समय–समय पर दिशानिर्देश जारी किये हैं। हमारे द्वारा विभाग के अभिलेखों की किये गये जांच ने आई0टी0सी0 के दावों से सम्बन्धित अनेक अनियमितताओं को प्रकाश में लाया है जैसे कि अनियमित/गैर अनुमन्य आई0टी0सी0 का दावा, अतिरिक्त दावा, आई0टी0सी0 को उत्क्रमित न किया जाना आदि। हमने यह भी देखा कि आई0टी0सी0 के डाटाबेस का रखरखाव, आई0टी0सी0 दावों का सत्यापन, कर सम्परीक्षा आदि से सम्बन्धित विभागीय आदेशों का विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों के एक बड़े प्रतिशत भाग में पालन नहीं किया गया था। कुछ मामलों का उल्लेख नीचे किया जा रहा हैं। ये केवल निदर्शी हैं और हमारे परीक्षण जाँच पर आधारित हैं। हमें लगता है कि सरकार और विभाग के लिए यह आवश्यक है कि वे आई0टी0सी0 के दावों से सम्बन्धित अधिनियम/नियम एवं विभिन्न आदेशों का प्रभावी ढ़ंग से लागू करवाना सुनिश्चित करें।

2.16.1 अर्जित, समायोजित एवं अवशेष आई0टी0सी0 के सम्बन्ध में डाटाबेस का न होना

कमिश्नर, वाणिज्य कर ने परिपत्र सं0–414 दिनांक 23.07.2008 द्वारा प्रत्येक एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1 को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक क0नि0प्रा0 द्वारा एक रजिस्टर इस प्रारूप में रखा जाये जिसमें माहवार आई0टी0सी0 से सम्बन्धित प्रारम्भिक, अर्जित, समायोजित एवं अन्तिम अवशेष का प्रत्येक व्यापारी से सम्बन्धित विवरण हो एवं इसकी जोनवार सूचना प्रत्येक माह की 10वीं तारीख को संख्या अनुभाग को प्रस्तुत की जाये। अग्रेतर, दूसरे परिपत्र सं0–809060 दिनांक 03.09.2008 द्वारा यह अपेक्षा की गयी थी कि सभी व्यापारियों के सम्बन्ध में तब तक आर–2 के प्रारूप में एक रजिस्टर रखा जाये जिसमें व्यापारियों के कर अवधि वार दाखिल विवरणी के आँकड़े, जमा कर, अर्जित आई0टी0सी0 एवं इसके समायोजन का विवरण हो जब तक कि विवरणियों की प्रविष्टि कम्प्यूटर में न कर ली जाये।

उपरोक्त आदेशों के अनुपालन की समीक्षा करने के लिए हमने 51 वाणिज्य कर कार्यालयो,[40] जिनकी लेखा परीक्षा जनवरी 2012 एवं मार्च 2012 के मध्य की गयी थीं, से सम्बन्धित सूचनाएँ संकलित कीं और पाया कि एक क0नि0प्रा0[41] को

---

[39] जनवरी 2011 एवं जुलाई 2011 के मध्य।

[40] डि0क0 खण्ड–1 एवं 2 आगरा, असि0क0 खण्ड–11 आगरा, डि0क0 खण्ड–10 अलीगढ़, असि0क0 खण्ड–10 अलीगढ़, असि0क0 खण्ड–2 आजमगढ़, डि0क0 खण्ड–2 बाराबंकी, असि0क0 खण्ड–2 बाराबंकी, असि0क0 खण्ड–6, 7 एवं 10 बरेली, असि0क0 खण्ड–14 एवं 17 गाजियाबाद, असि0क0 खण्ड–1 एवं 2 कन्नौज, डि0क0 खण्ड–6 कानपुर, असि0क0 खण्ड–9, 16, 17, 18, 23 एवं 29 कानपुर, डि0क0 खण्ड–3, 6, 9 एवं 10 लखनऊ, असि0क0 खण्ड–1, 6, 14, 15, 16, 18 एवं 19 लखनऊ, वा0क0अधि0 खण्ड–6 लखनऊ, असि0क0 खण्ड–10 एवं 13 मेरठ, डि0क0 खण्ड–4 एवं 10 मुरादाबाद, असि0क0 खण्ड–3, 4 एवं 5 मुरादाबाद, डि0क0 खण्ड–1 एवं 3 पीलीभीत, असि0क0 खण्ड–1 पीलीभीत, डि0क0 खण्ड–2 प्रतापगढ़, असि0क0 खण्ड–1 रायबरेली, असि0क0 खण्ड–3 रामपुर, असि0क0 खण्ड–2 सीतापुर, डि0क0 खण्ड–1 उन्नाव, डि0क0 खण्ड–1 वाराणसी एवं असि0क0 खण्ड–15 वाराणसी।

[41] असि0क0 खण्ड–11 आगरा।

छोड़कर अवशेष 50 क0नि0प्रा0 ने अर्जित, समायोजित एवं अवशेष आई0टी0सी0 का डाटाबेस तैयार करने तथा इसे संख्या अनुभाग को प्रस्तुत करने सम्बन्धी आदेश का पालन नहीं किया था। इसलिए विभाग आसानी से व्यापारियों द्वारा अर्जित की गयी आई0टी0सी0 की राशि एवं इसके समायोजन का पता लगाने में सक्षम नहीं है। विशिष्ट आदेश के बावजूद इन सभी 50 क0नि0प्रा0 ने कहा कि उपरोक्त डाटाबेस को तैयार करने के सम्बन्ध में कोई आदेश या निर्धारित प्रारूप नहीं है।

हमारे द्वारा प्रकरण को जून 2012 में प्रतिवेदित किये जाने पर विभाग ने बताया कि निर्देश को दोहराया गया है।

2.16.2 आदेश के बावजूद इनपुट टैक्स क्रेडिट का सत्यापन न किया जाना

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 13 व्यापारियों द्वारा इनुपट टैक्स क्रेडिट का दावा करने एवं देय कर के विरूद्ध इसका समायोजन करने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित करती है। कमिश्नर, वाणिज्य कर उ0प्र0 ने भी राजस्व के व्यापक हित में वर्ष 2008–09 में वैट इनुपट टैक्स क्रेडिट/2008–09/755/080974/सी0टी0 दिनांक 22 अक्टूबर 2008, वैट परिपत्र भाग–2 (08–09)–774/080977/सी0टी0 दिनांक 31 अक्टूबर 2008 एवं पत्र सं0–जे0सी0 (एस0आइ0बी0)/मू0/स0प0/2009–10/1593/ वाणिज्य कर दिनांक 18 सितम्बर 2009 द्वारा आई0टी0सी0 के सत्यापन तथा इसका डाटाबेस रखने के सम्बन्ध में क0नि0प्रा0 को निर्देश जारी किये थे।

वाणिज्य कर विभाग ने विभाग की दक्षता में वृद्धि करने के लिए वेब आधारित सिटिजन सेन्ट्रिक सर्विसेज की उपलब्धता कराने हेतु कम्प्यूटरीकृत परियोजना पर ₹ 45 करोड़ व्यय किया। विभाग से सम्बन्धित सभी सूचनाएं वेबसाइट (कामटैक्स यू0पी0एन0आई0सी0) पर जनसाधारण के लिए एवं व्यास (वाणिज्य कर आटोमेसन सिस्टम) पर विभागीय उपयोग के लिए उपलब्ध हैं।

उपरोक्त उध्दृत क0वा0क0 के आदेशों के द्वारा प्रत्येक डिप्टी कमिश्नर को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया था कि सर्वाधिक आई0टी0सी0 का दावा करने वाले 20 व्यापारियों के अनुलग्नक–क (खरीद सूची) का अनुलग्नक–ख (विक्रय सूची) से शत प्रतिशत सत्यापन कर लिया गया है एवं उपरोक्त विवरणों की बाह्य एजेन्सी अथवा विभागीय कर्मचारियों द्वारा प्रविष्टि कराकर एक डाटाबेस तैयार[42] कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त यादृच्छिक सांख्यिकीय विधि से आच्छादित मामलों का शत प्रतिशत जाँच एवं सत्यापन भी किया जाना था।

अवधि 2007–08[43] से 2009–10 के लिए नमूना जाँच (2011–12) के दौरान हमने देखा कि:

- राज्य के भीतर व्यापारियों द्वारा किये गये संव्यवहारों के आनलाइन जाँच के लिए कोई तंत्र नहीं है इसके परिणामस्वरूप 78 वाणिज्य कर कार्यालयों[44] के 137

---

[42] पत्र संख्या बैंक एण्ड यू0पी0टी0टी0 इन्ट्रीग्रेशन–वाल्यूम– II (2008–09)/1330/सी0टी0 दिनांक 2 मार्च 2009 द्वारा।

[43] 01.01.2008 से 31.03.2008 तक।

[44] डि0क0: खण्ड–13 आगरा, खण्ड–5 इलाहाबाद, खण्ड–2 बाराबंकी, खण्ड–1 बुलन्दशहर, खण्ड–1 गोण्डा, खण्ड–5 एवं 6 गोरखपुर, खण्ड–5, 16, 17, 18, 19, 20, 22, 24, 25, 26, 27, 28 एवं 30 कानपुर खण्ड–3, 6, 10, 12, 13, 16 एवं 21 लखनऊ, खण्ड–2 महराजगंज, खण्ड–3 एवं 6 मथुरा, खण्ड–4, 5, 6, 7 एवं 8 मुरादाबाद, खण्ड–2 रामपुर, खण्ड–9, 10, 11, एवं 12 सहारनपुर तथा खण्ड–1 सिद्धार्थनगर।
असि0क0: खण्ड–15, 17, 18 एवं 19 आगरा, खण्ड–6 अलीगढ़, खण्ड–5 एवं 17 इलाहाबाद, खण्ड–2 बाराबंकी, खण्ड–6 गोरखपुर, खण्ड–1 गोण्डा, खण्ड–1 हापुड़, खण्ड–5 एवं 26 कानपुर, खण्ड–1, 6, 12, 13, 14 16, 18 एवं 19 लखनऊ, खण्ड–2 महराजगंज, खण्ड–3 मथुरा, खण्ड–7 एवं 8 मेरठ, खण्ड–5 मुरादाबाद, खण्ड–6 मुजफ्फरनगर, खण्ड–10, 12 एवं 14 नोएडा, खण्ड–2 रामपुर तथा खण्ड–4 शाहजहॉपुर।
ज्वा0क0 (कार्पो0स0): बरेली, इटावा, लखनऊ, मेरठ एवं मुजफ्फरनगर।

व्यापरियों के प्रकरणों में क0नि0प्रा0 ने बिना आनलाइन सत्यापन किये ही ₹ 14.06 करोड़ के आई0टी0सी0 का समायोजन देय मू0सं0क0 के विरूद्ध करते हुए कर निर्धारण आदेश पारित कर दिया।

सर्वोच्च 20 व्यापारियों का कम्प्यूटरीकृत डाटाबेस नहीं बनाया गया था और यादृच्छिक सांख्यिकीय विधि द्वारा किये गये सत्यापन की कोई सूचना उपलब्ध नहीं थी।
परिणाम के रूप में 279 व्यापारियों[45] के मामलों में हमने यह पायाः

- क0नि0प्रा0 ने बिना आई0टी0सी0 के दावों के सत्यापन का प्रयास किये ही 45 वा0क0का0[46] के 86 व्यापारियों के लिए ₹ 13.70 करोड़ के आई0टी0सी0 का समायोजन उनके देयकर के विरूद्ध करते हुए क0नि0आ0 पारित कर दिया।
- क0नि0प्रा0 ने 64 वा0क0का0[47] से सम्बन्धित 193 व्यापारियों के लिए ₹ 24.06 करोड़ के आई0टी0सी0 का समायोजन उनके देयकर के विरूद्ध करते हुए क0नि0आ0 पारित कर दिया परन्तु सत्यापन के लिए दिये गये निर्देशों का पालन नहीं किया गया था।

क0नि0प्रा0 ने ₹ 51.02 करोड़ के आई0टी0सी0 के समायोजन सम्बन्धी आदेश बिना इसके सत्यापन किये ही पारित कर दिये।

हमारे द्वारा प्रकरण को जुलाई 2012 में इंगित किये जाने पर विभाग ने हमारी आपत्ति को स्वीकार किया (सितम्बर 2012) एवं बताया कि इन आदेशों के कार्यान्वयन में कठिनाइयां थीं, इन आदेशों को अनुपालन के लिए दोहराया जा रहा है।

---

[45] 100 वाणिज्य कर कार्यालयों में ।

[46] डि0क0: खण्ड–4 बरेली, खण्ड–1 एवं 2 गौतमबुद्धनगर, खण्ड–1, 2, 6, 7 एवं 9 गाजियाबाद, खण्ड–2 हरदोई, खण्ड–2, 3, 4 एवं 29 कानपुर, खण्ड–3, 4, 5, एवं 17 लखनऊ, खण्ड–2 एवं 3 मथुरा, खण्ड–1 एवं 5 मेरठ, खण्ड–3 मुरादाबाद, खण्ड–4 मुजफ्फरनगर, खण्ड–4, 5, 7 एवं 11 नोएडा तथा खण्ड–7 एवं 8 वाराणसी।
असि0क0: खण्ड–6 आगरा, खण्ड–1 अलीगढ़, खण्ड–7 गाजियाबाद, खण्ड–1 हापुड़, खण्ड–2 कानपुर, खण्ड–1 ललितपुर, खण्ड–8 मुजफ्फरनगर, खण्ड–7 नोएडा, खण्ड–2 शाहजहॉपुर, खण्ड–2 रामपुर, तथा खण्ड–6 एवं 8 वाराणसी।
ज्वा0क0(कार्पो0स0): गौतमबुद्धनगर, आगरा (प्रथम), गाजियाबाद एवं कानपुर (द्वितीय) ।

[47] डि0क0: खण्ड–2, 5 एवं 10 अलीगढ़, खण्ड–1 अमरोहा, खण्ड–3 पीलीभीत, खण्ड–2 एवं 3 सीतापुर, खण्ड–1 गौतमबुद्धनगर, खण्ड–1 हाथरस, खण्ड–2, 3, 4, 5, 6, 8, 15 एवं 25 कानपुर, कोशीकलां मथुरा, खण्ड–2, 3, 4, 16 एवं 22 लखनऊ, खण्ड–4 मेरठ, खण्ड–4 मुरादाबाद, खण्ड–4 एवं 8 मुजफ्फरनगर, खण्ड–1 नोएडा, सरधना मेरठ, खण्ड–2, 4 एवं 10 सहारनपुर तथा खण्ड–2, 3 एवं 4 शाहजहॉपुर।
असि0क0: खण्ड–6, 11 एवं 17 आगरा, खण्ड–2, 3, 5, एवं 10 अलीगढ़, खण्ड–4 फिरोजाबाद, खण्ड–2 एवं 14 गाजियाबाद, खण्ड–2 हापुड़, खण्ड–3 हरदोई, खण्ड–3, 6, 16, 21 एवं 27 कानपुर, खण्ड–8 लखनऊ, खण्ड–5 मथुरा, खण्ड–6 एवं 8 मेरठ, खण्ड–3 मुरादाबाद, खण्ड–3 पीलीभीत, खण्ड–3 रामपुर, खण्ड–2 शाहजहॉपुर तथा खण्ड–2 सीतापुर।
ज्वा0क0(कार्पो0स0): आगरा, बरेली, एवं कानपुर (द्वितीय)।

2.16.3. गैर अनुमन्य आई0टी0सी0 को उत्क्रमित न किया जाना तथा गैर अनुमन्य आई0टी0सी0 का दावा किये जाने पर अर्थदण्ड एवं ब्याज का अनारोपण

उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम की धारा 54(1)(19) के अन्तर्गत यदि कर निर्धारण प्राधिकारी संतुष्ट है कि जहाँ, यथास्थिति, कोई व्यापारी अथवा कोई अन्य व्यक्ति आई0टी0सी0 के रूप में मिथ्या या कपटपूर्ण तरीके से धनराशि का दावा करता है, वह निर्देशित कर सकता है कि ऐसा व्यापारी या व्यक्ति, उसके द्वारा देय कर के अतिरिक्त, यदि कोई हो, अर्थदण्ड के रूप में आई0टी0सी0 की धनराशि के पाँच गुने के बराबर धनराशि का भुगतान करेगा। इसके अतिरिक्त अधिनियम की धारा 14(2) के अन्तर्गत यदि किसी व्यापारी ने किसी माल के सम्बन्ध में गलत तरीके से आई0टी0सी0 का दावा किया है, आई0टी0सी0 का लाभ उस सीमा तक जहाँ तक यह अनुमन्य नहीं है, 15 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज के साथ उत्क्रमित किया जायेगा।

हमने जुलाई 2010 एवं जनवरी 2012 के मध्य देखा कि छः व्यापारियों ने वर्ष 2007–08 एवं 2008–09 के दौरान उन वस्तुओं पर भुगतान किये गये कर, जो कि आई0टी0सी0 के लिए अनुमन्य नहीं थे, के आधार पर ₹ 27.78 लाख की आई0टी0सी0 का दावा किया। क0नि0प्रा0 द्वारा जुलाई 2008 एवं अगस्त 2011 के बीच कर निर्धारण करते समय यह अपेक्षित था कि इस गैर अनुमन्य आई0टी0सी0 को उत्क्रमित करते एवं व्यापारियों को अर्थदण्ड एवं ब्याज अदा करने के लिए निदेर्शित करते। हमने देखा कि चार मामलों में क0नि0प्रा0 ने सिर्फ आई0टी0सी0 को उत्क्रमित किया परन्तु ब्याज (₹ 14.41 लाख) एवं अर्थदण्ड (₹ 1.32 करोड़) आरोपित नहीं किया। अवशेष दो मामलों में क0नि0प्रा0 ने आई0टी0सी0 (₹ 1.43 लाख) उत्क्रमित नहीं किया, ब्याज (₹ 73,000) प्रभारित नही किया तथा अर्थदण्ड (₹ 7.15 लाख) आरोपित नहीं किया। विवरण निम्नानुसार है:

(₹ लाख में)

क्र0 सं0	इकाई का नाम	व्यापारियों की संख्या	कर निर्धारण वर्ष (क0नि0आ0 का माह एवं वर्ष)	मिथ्या या कपटपूर्ण ढंग से दावा की गयी आई0टी0सी0 की धनराशि	क0नि0प्र0 द्वारा उत्क्रमित की गयी आई0टी0 सी0	क0नि0प्र0 द्वारा उत्क्रमित नही की गयी आई0टी0 सी0	आरोपणीय ब्याज[48]	आरोपणीय अर्थदण्ड
1.	असि0क0 खण्ड–16 आगरा	1	2008-09 (फरवरी 2011)	0.41	0.41	-	0.20	2.05
2.	डि0क0 खण्ड–1 गाजियाबाद	1	2008-09 (जनवरी 2011)	15.46	15.46	-	7.53	77.30
3.	असि0क0 खण्ड–2 गाजियाबाद	1	2007-08 (मू0सं0क0) (मार्च 2011)	0.16	0.16	-	0.10	0.80
4.	असि0क0 खण्ड–5 गाजियाबाद	1	2007-08 (मू0सं0क0) (जुलाई 2008)	10.32	10.32	-	6.58	51.60
5.	डि0क0 खण्ड–4 नोएडा	1	2008-09 (अगस्त 2011)	1.23	-	1.23	0.60	6.15
6.	असि0क0 खण्ड–8 नोएडा	1	2007-08 (मू0सं0क0) (मार्च 2011)	0.20	-	0.20	0.13	1.00
	योग	**6**		**27.78**	**26.35**	**1.43**	**15.14**	**138.90**

[48] कर निर्धारण वर्ष के अगले वर्ष के 1 अप्रैल से 30 जून 2012 तक 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से गणना करने पर।

हमारे द्वारा प्रकरण को प्रतिवेदित[49] किये जाने पर विभाग ने बताया (नवम्बर 2012) कि सभी मामलों में ₹ 1.36 करोड़ अर्थदण्ड आरोपित कर दिया गया है, ₹ 1.23 लाख की आई0टी0सी0 उत्क्रमित कर दी गयी है एवं इसमें से ₹ 58,000 की वसूली की जा चुकी है।

2.17 व्यापारियों को पंजीकृत न किये जाने के कारण कर का अनारोपण/कम आरोपण

उ0प्र0व्या0क0 अधिनियम की धारा 3क के अन्तर्गत शासन के द्वारा समय–समय पर विज्ञापित दरों की अनुसूची के अनुसार वर्गीकृत वस्तुओं पर कर आरोपणीय होता है। जो वस्तुएं निर्धारित दरों की अनुसूची में वर्गीकृत नहीं है उन पर 1 दिसम्बर 1998 से 10 प्रतिशत की दर से कर आरोपणीय है।

यह जांच करने के दृष्टिकोण से कि व्यापारी, जो कि भवन निर्माण एवं विकास के कार्य में लगे हुए हैं और आयकर विभाग (आ0क0वि0) में पंजीकृत हैं, क्या वे वाणिज्य कर विभाग (वा0क0वि0) में भी पंजीकृत हैं और आ0क0वि0 में दाखिले किये गये टर्नओवर के अनुसार ही वा0क0वि0 में भी अपनी विवरणियाँ दाखिल कर रहे हैं, हमने आ0क0वि0 से पाँच व्यापारियों की वर्ष 2004–05 एवं 2005–06 की बैलेन्स शीट की प्रति संकलित की एवं उसका मिलान पाँच वा0क0का0[50] के कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा पारित किये गये कर निर्धारण आदेशों से किया और पाया कि दो क0नि0प्रा0[51] ने सभी पहलुओं का आकलन करते हुए सही ढंग से क0नि0आ0 पारित किया था। अवशेष तीन मामलों[52] में से दो व्यापारी अपंजीकृत थे एवं एक मामले में कर निर्धारण आदेश त्रुटिपूर्ण था। इसके फलस्वरूप ₹ 26.13 लाख के कर का अनारोपण/कम आरोपण हुआ जैसा कि नीचे वर्णित है:

